
# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

### प्रेम के पांच वादे

- सुख-दुख में साथ रहना
- सम्मान देंगे
- प्राथमिकता देंगे
- फैसलों में देंगे साथ
- मिलकर करें समस्याएं हल

करवा चौथ: सुहागिनों का महापर्व

# सुहाग की रक्षा के लिए सुहागिनें आज रखेंगी निराजल व्रत

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का व्रत रखा जाता है। इस साल करवा चौथ रविवार के दिन है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सौभाग्य के लिए निर्जला उपवास रखती हैं। व्रत चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद पूरा होता है। करवा चौथ के दिन माता पार्वती, भगवान शिव, गणेश जी, करवा माता और चंद्रदेव की पूजा की जाती है।

### करवा चौथ पर चंद्रोदय का समय

वैदिक पंचांग की गणना के मुताबिक 20 अक्तूबर को करवा चौथ पर चंद्रोदय का समय शाम 07 बजकर 53 मिनट पर होगा। देशभर के अलग-अलग शहरों में चांद के निकलने के समय में कुछ बदलाव हो सकता है। मुंबई में इस बार करवा चौथ का चांद निकलने का समय रात 08 बजकर 59 मिनट है। इसके अलावा पुणे में चांद निकलने का समय 8 बजकर 56 मिनट का है। दिल्ली में चांद 7.53 बजे, नोएडा में 7.52 और गुरुग्राम में 7:55 बजे चांद दिखाई देगा।

### करवा चौथ 2024 शुभ तिथि

वैदिक पंचांग के मुताबिक हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा चौथ का पर्व मनाया जाता है। इस बार करवा चौथ पर चतुर्थी तिथि 20 अक्तूबर को सुबह 06 बजकर 46 मिनट से आरंभ होकर अगले दिन 21 अक्तूबर को सुबह 04 बजकर 16 मिनट पर समाप्त होगी।

### करवा चौथ 2024 पूजा शुभ मुहूर्त

करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखते हुए शाम को सोलह श्रृंगार करते हुए एक खास जगह पर एकत्रित होकर करवा माता की पूजा और कथा सुनती हैं। करवा चौथ पर पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 20 अक्तूबर को शाम 05 बजकर 46 मिनट लेकर शाम शाम 06 बजकर 54 मिनट तक रहेगा।

# विजया किशोर रहाटकर बनी NCW की नई अध्यक्ष

## सरकार ने जारी की अधिसूचना

**एजेंसी | नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने विजया किशोर रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। शनिवार (19 अक्टूबर) को जारी एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के तहत की गई यह नियुक्ति तीन साल की अवधि या रहाटकर के 65 वर्ष के होने (दोनों में जो भी पहले हो) तक के लिए होगी। रहाटकर का कार्यकाल तत्काल शुरू होगा। यह घोषणा भारत के गजट में प्रकाशित की जाएगी।

### औरंगाबाद जिले की रहने वाली हैं

वह महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले की रहने वाली हैं। कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि न होने के कारण राहतकर 1995 में बूथ कार्यकर्ता के रूप में बीजेपी में शामिल हुईं और धीरे-धीरे पार्टी के भीतर आगे बढ़ीं। विजया किशोर रहाटकर की नियुक्ति के अलावा सरकार ने एनसीडब्ल्यू के नए सदस्य भी नामित किए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, डॉ. अर्चना मजूमदार को आधिकारिक तौर पर तीन साल के कार्यकाल के लिए एनसीडब्ल्यू का सदस्य नियुक्त किया गया है।

### कौन हैं विजया किशोर रहाटकर?

वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी (BJP) की राष्ट्रीय सचिव और पार्टी की राजस्थान इकाई की सह-प्रभारी विजया किशोर रहाटकर पिछले कुछ दशकों से पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुकी हैं। BJP के प्रमुख राजनेताओं में से एक मानी जाने वाली रहाटकर ने पुणे विश्वविद्यालय से भौतिकी में विज्ञान में ग्रेजुएट की डिग्री और इतिहास में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री पूरी की। वह महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले से हैं।

# ऑल इज वेल




# MVA में कोई मतभेद नहीं

## जल्द होगा उम्मीदवारों का ऐलान

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बैठकों का दौर जारी है. मुख्य रूप से दो गठबंधन आमने-सामने हैं। इनमें महायुति में 260 सीटों पर सहमति बन गई है। 28 सीटों पर बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी के बीच दावे-प्रतिदावे का मामला चल रहा है। वहीं महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। इस बीच राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता पृथ्वीराज चौहान का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि शनिवार को कांग्रेस की दो बैठक हुईं। एक दोपहर 12 बजे हुई जिसमें चुनाव को लेकर तैयारी और सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर चर्चा हुई। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चौहान ने बताया कि दूसरी बैठक दोपहर 3 बजे हुई, जिसमें देश के 11 बड़े कांग्रेस नेता जिन्हें महाराष्ट्र का observer बनाया गया है उनके बीच हुई, इस दौरान भी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। चौहान के मुताबिक सीटों के बंटवारे का जल्द ही ऐलान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि उम्मीदवारों की पहली लिस्ट 20 अक्टूबर तक आने की उम्मीद है। समाजवादी पार्टी को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी महाविकास अघाड़ी का हिस्सा है, पार्टी आलाकमान सपा प्रमुख से बात करेगा।

### 'MVA के बीच कोई मतभेद नहीं'

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के चुनाव प्रभारी रमेश चेन्निथला का कहना है कि महाविकास अघाड़ी एक साथ चुनाव लड़ेगी और MVA के बीच कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की आज चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें सीट शेयरिंग को लेकर महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए।उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लिस्ट 2 से * दिन में आ जाएगी। इसके साथ ही कांग्रेस और UBT शिवसेना के बीच मनमुटाव को लेकर चेन्निथला ने कहा ये जो मनमुटाव की खबरें चल रही हैं ये महज अफवाह है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे और नाना पटोले ने मिलकर सीटों पर सहमति जताई है। महाविकास अघाड़ी में कोई नाराजगी नहीं है।

### 'नाना पाटोले और संजय राउत दोनों अच्छे दोस्त'



इसके साथ ही कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान का कहना है कि रविवार को कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट आ सकती है। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर महाविकास अघाड़ी में कोई विवाद नहीं है। गठबंधन में हर पार्टी ज्यादा सीट पाने की कोशिश करती है, क्योंकि कार्यकर्ताओं का दबाव होता है, इसमें कुछ गलत नहीं है। महाविकास अघाड़ी में भी ऐसा ही है। इसके आगे नसीम खान ने कहा कि नाना पाटोले और संजय राउत दोनों ही अच्छे दोस्त है। थोड़ी नोकझोक होती रहती है।

### बीजेपी के लिए 142 सीटें तय




260 में से बीजेपी के लिए 142 सीटें तय हो गई हैं। वहीं एकनाथ शिंदे की शिवसेना के लिए 66 सीटें तय हो गई हैं और अजित पवार की एनसीपी के लिए 52 सीटें तय की जा चुकी है। बची हुई 28 सीटों पर दावे-प्रतिदावे का मामला चल रहा है। राज्य विधानसभा में कुल 288 सीटें हैं। बीजेपी चाहती है कि वह कम से कम 160 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़े, वहीं शिंदे चाहते हैं कि उनकी शिवसेना 60 से अधिक सीटों पर लड़े। वहीं अजित पवार भी चाहते हैं कि यह आंकड़ा और अधिक बढ़े। हर दल चाहता है कि अगर चुनाव बाद सरकार बने तो उसकी स्थिति मजबूत रहे। अब देखना होगा कि कौन इसमें एडजस्ट करेगा।

# महायुति में सीट शेयरिंग पर बातचीत अंतिम चरण में

## जल्द आ सकती है पहली सूची

### 260 सीटों पर बनी महायुति में सहमति



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद महायुति में सीटों पर मंथन तेज हो गया है। माना जा रहा है कि ये विचार विमर्श आखिरी दौर में है। बीती रात सीटों के बंटवारे को फाइनल रूप देने के लिए दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह ने अहम बैठक की है। यह बैठक करीब ढाई घंटे चली है। इस बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों डिप्टी सीएम अजित पवार, देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक, महायुति के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर 260 सीटों पर सहमति बन गई है। 28 सीटों पर बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी के बीच दावे-प्रतिदावे का मामला चल रहा है।

### दो दिनों में हो जाएगा फैसला



महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सीट शेयरिंग को लेकर उनकी बातचीत अंतिम चरण में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि हमने उन सीटों पर सकारात्मक चर्चा की, जिन पर समस्याएं थीं। अगले दो दिनों में हम बाकी सीटों पर भी फैसले लेंगे। हमने तय किया है कि जो भी सीटें स्पष्ट होंगी, पार्टी अपनी सुविधा के अनुसार उनकी घोषणा करेगी। भारतीय जनता पार्टी की चुनाव समिति और संसदीय बोर्ड की प्रक्रियाएं लगभग पूरी हो गई हैं। हमारी पहली सूची कभी भी आ सकती है। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक हुई। महायुति की सीट शेयरिंग पर चर्चा की गई और सकारात्मक बातचीत हुई। चर्चा अंतिम चरण में है। जल्द ही सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दिया जाएगा और हम आपको अच्छी खबर देंगे।

# महाराष्ट्र चुनाव में योगेंद्र यादव उठाएंगे MVA का झंडा

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



भारत जोड़ो अभियान के संयोजक और स्वराज इंडिया के संस्थापक योगेंद्र यादव महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के लिए प्रचार करेंगे। शनिवार को नागपुर में मीडिया से बात करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता यादव ने कहा, 'हमने पहले ही काम शुरू कर दिया है और महाराष्ट्र में कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए 150 सीटों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहे हैं।' पूर्व चुनाव विश्लेषक और अरविंद केजरीवाल के साथ निकटता से जुड़े रहने के बाद आप से अलग हुए यादव ने बताया कि उनकी संस्था विदर्भ क्षेत्र की 40 सीटों पर एमवीए उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेगी। विदर्भ में कुल 62 विधानसभा सीटें हैं, जबकि पूरे महाराष्ट्र में 288 सीटें हैं।

# बम की धमकी के बाद 30 फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

इंडियन एयरलाइंस की 30 से ज्यादा फ्लाइट में शनिवार को बम होने की धमकी मिली। इसमें इंडिगो, एअर इंडिया, अकासा, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एअर और एलायंस एयर शामिल हैं। पिछले एक हफ्ते में 50 से ज्यादा विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है, ये सभी झूठी साबित हुईं। इन धमकियों की वजह से एयरलाइंस को अब तक 80 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है।

### गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट



लगातार मिल रही धमकियों के बीच केंद्र सरकार ने 16 अक्टूबर को फ्लाइट्स में एयर मार्शलों की संख्या को दोगुना करने का फैसला किया था। गृह मंत्रालय ने भी एविएशन मिनिस्ट्री से रिपोर्ट मांगी है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये शनिवार को जिन 30 से अधिक उड़ानों में बम होने की धमकी दी गई थी।

# वायनाड से प्रियंका गांधी के सामने होंगी BJP की नव्या

**एजेंसी | वायनाड**



भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नव्या हरिदास को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इस सीट पर बीजेपी की ओर से नव्या का मुकाबला कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा से होगा। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को उपचुनाव की तारीख की घोषणा की थी। मतदान 13 नवंबर को होगा और परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। बीजेपी ने वायनाड के अलावा, आठ राज्यों के विधानसभा उपचुनावों के लिए भी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की है।

## झारखंड चुनाव

# बीजेपी की पहली लिस्ट में 66 नाम

## पूर्व सीएम चंपाई सरायकेला से उम्मीदवार

**एजेंसी | नई दिल्ली**



भाजपा ने झारखंड चुनाव के लिए 66 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। भाजपा ने झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धनवार से, लोबिन हेम्ब्रोम बोरियो से और हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन को जामताड़ा से चुनाव मैदान में उतारा है। पूर्व सीएम चंपई सोरेन सरायकेला से जबकि गीता कोड़ा को जगनाथपुर से टिकट दिया गया है। मीरा मुंडा पोटका से चुनाव लड़ेंगीं।

### चंपाई सोरेन के बेटे को भी मौका

भाजपा ने चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को भी उम्मीदवार बनाया है। बाबूलाल सोरेन को घाटशिला से टिकट दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास साहू की राजनीतिक इंट्री हुई है। मीरा मुंडा को पोटका से जबकि पूर्णिमा को जमशेदपुर पूर्वी से उम्मीदवार बनाया गया है।

### हेमंत के खिलाफ कौन?


बीमार चल रहे सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की जगह उनक पत्नी तारा देवी को उम्मीदवार बनाया गया है। बरहेट सीट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ अभी किसी को नहीं उतारा गया है। सूत्रों की मानें तो हेमंत के खिलाफ किसी दमदार उम्मीदवार को मौका दिया जा सकता है। भाजपा ने 12 महिलाओं को टिकट दिया है। कोडरमा, निरसा, छतरपुर से महिला विधायकों दोबारा मौका दिया गया है। पिछली बार झरिया से पूर्व विधायक रागिनी सिंह को हार का सामना करना पड़ा था।

**दोपहर एंकर** | ग्रीष्मकालीन हवाओं के उत्तर की ओर बढ़ने से बढ़ रही गर्मी की लहर

# प्रशांत महासागर के तापमान में उछाल और ग्लोबल वॉर्मिंग से बिगड़ी स्थिति

- आईआईटी मुंबई के अध्ययन में खुलासा
- उत्तर के राज्यों में बदल रहा है मौसम का पैटर्न

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



उत्तर मध्य भारत में लगातार बढ़ रही गर्मी की वजह ग्रीष्मकालीन हवाओं का उत्तर की ओर बढ़ना है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के जलवायु अध्ययन केंद्र ने शोध के बाद यह खुलासा किया है। अध्ययन से पता चला है कि साल 1998 के बाद हवाओं के रुख में बदलाव ही क्षेत्र में हीटवेव, गर्मी की अवधि बढ़ने और ज्यादा गर्मी जैसे बदलावों के लिए जिम्मेदार हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक हवा के पैटर्न में बदलाव प्रशांत महासागर के तापमान में उछाल के चलते हुआ है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते स्थिति और खराब हो रही है।

### मौसम का पैटर्न प्रभावित

जलवायु में प्राकृतिक परिवर्तन और मानव-जनित ग्लोबल वार्मिंग दोनों मिलकर मौसम के पैटर्न को प्रभावित कर रहे हैं। शोध टीम में शामिल आईआईटी मुंबई के पीएचडी छात्र रोशन झा ने कहा कि शोध के दौरान हमने पाया कि 1998 से उत्तर-मध्य भारत में मॉनसून से पहले का तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। ऐसा लगता है कि यह वृद्धि उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट के रूप में जानी जाने वाली ऊपरी क्षोभमंडलीय हवाओं के बैंड के उत्तर की ओर बढ़ने के चलते हुआ है।


### पड़ोसी देशों पर भी असर

शोध से जुड़ी आईआईटी मुंबई की एसोसिएट प्रोफेसर अर्पिता मोंडल ने कहा कि यह परिवर्तन सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पाकिस्तान और मध्य पूर्व जैसे क्षेत्रों को भी प्रभावित कर रहा है। शोध से साफ पता चलता है कि हवा के पैटर्न में बदलाव हीटवेव को बदतर बना रहे हैं। शोध के लिए भारत मौसम विभाग, यूरोपीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान (ईसीएमडब्ल्यूएफ) का साल 1973 से 2022 तक का डेटा समेत कई तरह के आंकड़ों का अध्ययन किया गया।

# वंचित बहुजन आघाड़ी के 16 उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने जोरों से चुनावी तैयारियां शुरू कर दी है। राज्य की 288 विधानभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होने हैं इसलिए पार्टियों के लिए उम्मीदवारों के लिए चयन से लेकर चुनाव प्रचार तक कठिन चुनौती है। चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद सत्तारूढ़ महायुति और महाविकास अघाड़ी सीटों के बंटवारे को लेकर अटकी हुई है वहीं महाराष्ट्र में तीसरा मोर्चा तैयार कर चुके प्रकाश अंबेडकर की अगुआई वाली वंचित बहुजन आघाड़ी ने शनिवार को अपने उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है।



### इससे पहले तीन लिस्ट जारी

इससे पहले प्रकाश अंबेडकर की पार्टी तीन लिस्ट जारी कर चुका है। अब चौथी लिस्ट जारी करने के बाद उम्मीदवारों की कुल संख्या 67 हो गई है, जो चुनाव की तैयारियों में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व में पार्टी ने राज्य भर में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों का नाम फाइन किया है उनमें शहादा, सकरी, तुमसर, अर्जुनी मोरगांव, हिंगणघाट, भोकर, कलंब, सिल्लोड, कन्नड़, औरंगाबाद पश्चिम, पैठण, महाड, जियोराई, आष्टी, कोरेगांव और कराड दक्षिण शामिल हैं।

### कहां से किसे और किस समाज को टिकट?

वंचित बहुजन आघाड़ी ने शहादा विधानसभा सीट पर अलीबाबा रशीद तडवी को अपना उम्मीदवार बनाया है। ये तडवी समाज से ताल्लुक रखते हैं। इसके साथ ही प्रकाश आंबेडकर की पार्टी ने साक्री सीट से भिमसिंग बटन का टिकट दिया है। ये भिल्ल समाज से आते हैं। तुमसर सीट से भगवान पांडे का मैदान में उतारा है। वो गोंड-गवारी समाज से आते हैं। इसके अलावा अर्जुनी मोरगाव से VBA ने दिनेश रामरतन पंचभाई को प्रत्याशी बनाया है। पंचभाई बौद्ध धर्म को मानते हैं। हदगाव विधानसभा सीट से पार्टी ने दिलीप राठोड को चुनावी मैदान में उतारा है। ये बंजारा समाज से आते हैं। भोकर सीट से रमेश राठोड का टिकट दिया गया है, जो बंजारा समाज से ताल्लुक रखते हैं। कलमनुरी से दिलीप तातेराव मस्के को उम्मीदवार बनाया गया है। ये धनगर समाज से आते हैं।

इसके साथ ही सिल्लोड से मनोहर जगताप, जो बौद्ध धर्म को मानते हैं को टिकट दिया गया है। कन्नड विधानसभा सीट से अय्याज मकबूल शाह को चुनावी मैदान में उतारा गया है। ये फकीर समाज से आते हैं। औरंगाबाद पश्चिम से अंजन लक्ष्मण सालवे को टिकट मिली है। ये बौद्ध समाज से आते हैं। पैठण से अरुण सोनाजी घोडके को उम्मीदवार बनाया गया है। महाड से आरीफ अब्दुल्ला खान देशमुख को प्रत्याशी बनाया गया है। ये मुस्लिम समुदाय से आते हैं।

वहीं, गेवराई सीट से प्रियांका शिवप्रसाद खेडकर को प्रत्याशी बनाया गया है, जो वंजारी समाज से आते हैं। आष्टी से वेदांत सुभाष भादवे को टिकट मिला है। कोरेगाव से चंद्रकांत जानू कांबले और कराड दक्षिण से संजय कोंडीबा गाडे को उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि महाराष्ट्र में एक ही चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी, जबकि नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

# पांच साल की बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार



**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी इलाके में पांच साल की एक बच्ची से छेड़छाड़ करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार दोपहर बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी यह घटना घटी। एक अधिकारी ने बताया, 'मोहम्मद आरजू बद्रीआलम शाह नामक 22 वर्षीय आरोपी ने बच्ची के पास जाकर उसे मिठाई दी। इसके बाद उसने बच्ची को गलत तरीके से छुआ। डरकर बच्ची अपनी मां के पास गई और घटना के बारे में बताया। जल्द ही लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की।' पुलिस ने बताया कि बाद में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा-74 (किसी महिला का शील भंग करने के इरादे से हमला या आपराधिक बल प्रयोग) और यौन अपराधों से बच्चों का सरंक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# फर्जी शिकायतों से त्रस्त उल्हासनगर डेवलपर्स और आर्किटेक्ट

▶▶ आयुक्त की बैठक में दिखी नाराजगी

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

बांधकाम परमिशन व्यवस्थापन (बीपीएमएस) प्रणाली के माध्यम से प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और डेवलपर्स की समस्याओं और शिकायतों को हल करने के लिए मनपा आयुक्त द्वारा बुलाई गई बैठक में उल्हासनगर के वास्तु विशारद, ठेकेदार लाइसेंस प्राप्त इंजीनियरों, डेवलपर्स और वास्तु विशारदानी ने फर्जी शिकायतों का मुद्दा उठाकर अपनी नाराजगी व्यक्त की।



### नगररचनाकार विभाग नियोजन ललित खोबरागड़े ने बुलाई थी बैठक

उल्हासनगर मनपा में पहले ऑनलाइन प्रक्रिया बंद कर दी गई थी, लेकिन सहायक नगर रचनाकार ललित खोबरागड़े ने उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने को अतिरिक्त आयुक्त किशोर गावस और सहायक निदेशक प्रदान करने के निर्णय के अनुसार अगस्त से इस प्रक्रिया को फिर से शुरू कर दिया है। नगररचनाकार विभाग नियोजन ललित खोबरागड़े ने शुक्रवार को मनपा स्थायी समिति में सभी बिल्डरों, वास्तुकारों, लाइसेंस प्राप्त इंजीनियरों, निर्माण ठेकेदारों की एक बैठक बुलाई थी। बैठक में ऑनलाइन प्रस्ताव की जानकारी दी गयी इस बैठक में उपस्थित बिल्डरों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि कुछ लोग माहिती अधिकार के तहत इमारत की जनकारी लेकर सोसल मीडिया पर डालकर बदनाम करते हैं और पैसे की मांग करते है। इससे इमारत बेचने में समस्या होती है। ग्राहक बिल्डिंग में नहीं जाते हैं, वे फ्लैट खरीदते समय डरते हैं। शहर में कई इमारतें बिकने के लिए तैयार हैं लेकिन ग्राहकों की कमी के कारण इमारतें खाली पड़ी हैं कंस्ट्रक्शन सेक्टर में करोड़ों रुपए निवेश करने के बाद भी बिल्डर को घाटा हो रहा है, इसलिए बिल्डर उल्हासनगर छोड़कर दूसरे शहरों में पलायन कर रहे हैं बैठक में उन्होंने कहा है कि अगर कोई बिल्डर गलत काम कर रहा है तो उसके खिलाफ निश्चित कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन अगर कोई बिल्डरों को निशाना बनाकर इस निर्माण कारोबार पर कुठाराघात कर रहा है तो यह अनुचित है।

### मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने ठोस कदम उठाने का दिया आश्वाशन

नगर नियोजन विभाग और मनपा आयुक्त को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और शिकायतकर्ताओं की शिकायतों की जांच करनी चाहिए और आगे की कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, आयुक्त को डेवलपर्स और वास्तु विशारद को फर्जी शिकायतकर्ताओं से बचाने के लिए ठोस उपाय करने को लेकर बिल्डरों ने अपनी बात कही। जिसपर मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने ठोस कदम उठाने का आश्वाशन दिया।

# यातायात पुलिसकर्मी पर हमले को लेकर तीन लोगों को चार दिन की साधारण कैद

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने दिसंबर 2020 में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस कांस्टेबल पर हमला करने को लेकर तीन व्यक्तियों को दोषी करार दिया और प्रत्येक को चार दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। एक अन्य आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। अदालत ने 16 अक्टूबर को यह आदेश पारित किया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पुलिस कांस्टेबल मितेश काटकर पर 16 दिसंबर 2020 को आनंदनगर इलाके में एक ट्रैफिक सिग्नल पर उस वक्त हमला किया गया था, जब उन्होंने एक कार चालक से वाहन आगे बढ़ाने को कहा था क्योंकि उसके कारण यातायात अवरुद्ध हो रहा था। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश जी टी पवार ने कहा कि यह घटना एक लोक सेवक पर हमले की गंभीरता को रेखांकित करती है। तीनों आरोपियों — आदित्य लक्ष्मण मुरुडकर, नीलेश रूपेश सामंत और गुरुप्रीत दीपकराम — को चार-चार दिन की साधारण कैद की सजा सुनाई गई और प्रत्येक पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें और 15 दिन जेल में रहना होगा।

# एक वाहन की टक्कर से दो वर्षीय एक शिशु की मौत

**दोपहर संवाददाता । पालघर**

महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक अज्ञात वाहन के टक्कर से दो वर्षीय शिशु की मौत हो गयी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम वाडा तालुका के खाडिवली गांव में एक वाहन ने दो वर्षीय गुरूनाथ वाघ को उसके घर के बाहर टक्कर मार दी और उसकी मौत हो गयी। अधिकारी ने वाडा पुलिस ने इस दुर्घटना के सिलसिले में भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन




अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि उस वाहन और उसके चालक का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# माफी नहीं मांगेंगे सलमान खान

▶▶ सलमान खान को बिश्नोई गैंग से मिल रही जान से मारने की धमकी

▶▶ धमकियों पर पिता सलीम खान की प्रतिक्रिया आई सामने

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

NCP लीडर बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान खान की सिक्योरिटी को लेकर चिंता बढ़ गई है। दरअसल, हाल ही में लॉरेंस बिश्नोई ने बाबा सिद्दीकी की हत्या करने की जिम्मेदारी ली थी। वहीं सलमान खान को भी जान से मारने की धमकी मिली थी। इसी बीच सुपरस्टार के पिता और स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनका मानना है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या और सलमान खान के बीच कोई कनेक्शन नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि एनसीपी लीडर बाबा सिद्दीकी की हत्या इसलिए की गई कि उनकी सलमान खान से दोस्ती है तो उन्होंने कहा, हमारी फैमिली को सलमान खान और बाबा सिद्दीकी की हत्या के बीच कोई लिंक नहीं दिखता और वह समझ नहीं पा रहे हैं कि यह कैसे जोड़ा जा रहा है। परिवार का मानना है कि अगर लॉरेंस बिश्नोई का बाबा सिद्दीकी के मर्डर से लेकर लेना देना है। इसका सलमान से कोई संबंध नहीं है और यह एक अलग मुद्दे खासकर संपत्ति विवाद से उपजा है। वहीं उन्होंने इंटरव्यू में कहा है कि सलमान खान माफी नहीं मांगेंगे। क्योंकि उन्होंने कभी जानवरों का शिकार नहीं



किया है। लगातार मिल रहीं धमकियों से उनका पूरा परिवार परेशान है। सलीम खान ने कहा, सलमान ने कभी किसी जानवर को नहीं मारा। वह कभी साधारण कॉकरोच को भी नही मारा। हम हिंसा में विश्वास नहीं रखते हैं।

# पुलिस ने साइबर अपराध गिरोह का किया पर्दाफाश

**दोपहर संवाददाता । पालघर/नवी मुंबई**

नवी मुंबई पुलिस ने पालघर जिले में कथित तौर पर एक दुकान से साइबर अपराध गिरोह संचालित करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। न्हावा शेवा पुलिस ने हाल ही में एक मामला दर्ज किया है, जिसमें एक व्यक्ति ने पुलिस से संपर्क कर दावा किया है कि डेटिंग ऐप पर उसका एक महिला से संपर्क हुआ, जिसने निवेश पर आकर्षक 'रिटर्न' का वादा कर उससे 10 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। नवी मुंबई पुलिस के साक्ष्य प्रबंधन केंद्र की वरिष्ठ निरीक्षक दीपाली पाटिल ने बताया कि जिन बैंक खातों में धनराशि स्थानांतरित की गई थी, उनका पता लगाते हुए पुलिस पालघर जिले में वसई रेलवे स्टेशन के पास एक दुकान पर पहुंची। अधिकारी ने बताया कि योगेश जैन और हिमांशु जैन नामक दो लोगों ने दुकान किराए पर ले रखी थी, जिसमें नौ युवक काम कर रहे थे।



अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों के पास से 50 से अधिक डेबिट कार्ड, 18 मोबाइल फोन, 17 चेकबुक, 15 सिम कार्ड, आठ आधार कार्ड तथा कई अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि योगेश और हिमांशु ने राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश से युवाओं को भर्ती किया था और 'रेंट एग्रीमेंट' जैसे फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके उनके नाम पर कई बैंक खाते खोले थे। अधिकारी ने बताया कि दोनों ने युवाओं का इस्तेमाल साइबर अपराध करने के लिए किया। अधिकारी ने बताया कि योगेश और हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा मामले की जांच जारी है।

# पत्रकार गौरी लंकेश हत्याकांड का आरोपी शिवसेना में शामिल

**दोपहर संवाददाता । मुंबई/जालना।**

पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के आरोपी श्रीकांत पांगारकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले जालना में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हो गये। गौरी लंकेश की पांच सितंबर 2017 को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित उनके आवास के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। महाराष्ट्र की एजेंसियों की सहायता से कर्नाटक पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच की थी और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था।




### जालना नगरपालिका के पार्षद रहे पांगारकर

पांगारकर 2001 से 2006 तक जालना नगरपालिका के पार्षद रहे। उन्हें अगस्त 2018 में गिरफ्तार किया गया था और इस साल चार सितंबर को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत दी थी। अविभाजित शिवसेना द्वारा 2011 में टिकट नहीं दिए जाने पर पांगारकर दक्षिणपंथी हिंदू जनजागृति समिति में शामिल हो गये थे। वह शुक्रवार को राज्य के पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर की उपस्थिति में शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हो गए। खोतकर ने संवाददाताओं से कहा, ''पांगारकर पूर्व शिवसैनिक हैं और पार्टी में वापस आ गए हैं। उन्हें जालना विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान का प्रमुख नामित किया गया है।''

# यात्रियों के लिए मध्य रेलवे का दिवाली/छठ पूजा उत्सव उपहार

### विभिन्न गंतव्यों के लिए कुल 570 विशेष ट्रेन सेवाएं चलाई जाएंगी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मध्य रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा त्योहारों के अवसर पर भीड़ को ध्यान में रखते हुए आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अपने यात्रियों के लिए कुल 570 विशेष



ट्रेन सेवाओं की घोषणा की है। 85 विशेष ट्रेनों की घोषणा की गई है जो इन 570 विशेष ट्रेन सेवाओं को पूरा करेंगी, जिनमें से 42 सेवाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं। इन ट्रेनों में वातानुकूलित स्पेशल, मिश्रित संयोजन वातानुकूलित, स्लीपर और सामान्य कोच और अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं ।

### सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा के लिए मध्य रेलवे प्रतिबद्ध

दिवाली/छठ पूजा महोत्सव विशेष ट्रेनें मुंबई, पुणे, नागपुर आदि से देश भर के विभिन्न स्थानों के लिए चलाई जा रही हैं। 570 त्यौहार विशेष रेल यात्राओं में से ट्रेनें मध्य रेलवे द्वारा महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों जैसे लातूर, सावंतवाड़ी रोड, नागपुर, पुणे, कोल्हापुर, नांदेड़ और अन्य स्थानों पर जाने वाले यात्रियों के लिए चलाई जा रही हैं। उत्तर की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए मध्य रेलवे दानापुर, गोरखपुर, छपरा, बनारस, समस्तीपुर, आसनसोल, अगरतला, संतरागाछी और अन्य स्थानों जैसे विभिन्न स्थानों के लिए 378 ट्रेनें चला रहा है। 378 ट्रेनें में से 132 ट्रेनें मुंबई से, 146 ट्रेनें पुणे से और बाकी मध्य रेलवे के अन्य स्थानों से चलाई जा रही हैं। दक्षिण की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए मध्य रेलवे करीमनगर, कोचुवेली, काजीपेट, बेंगलुरु और अन्य स्थानों के लिए 84 ट्रेनें चला रहा है।

# 'बंद नहीं होगी योजना, जरूरत पड़ी तो केंद्र से मंगाएंगे फंड'

▶▶ अजित पवार का लाडली बहनों से वादा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई/नासिक :**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने लाडली बहिन योजना को लेकर बड़ा बयान दिया है। नासिक में आयोजित एक सभा में उन्होंने इस योजना को लेकर साफ किया कि योजना को बंद करने का कोई निर्णय सरकार ने नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो योजना के लिए केंद्र से भी फंड मंगाएंगे लेकिन योजना राज्य की महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती रहेगी। अजित पवार ने विरोधियों पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में ऐसी योजना कभी नहीं आई इसलिए उन्हें इस योजना से दर्द हो रहा है। उन्होंने विरोधियों से स्पष्ट शब्दों में पूछा कि वे योजना बंद करने की बात करके महिलाओं में भ्रम पैदा क्यों कर रहे हैं ?



### जारी रहेगी लाडली बहिन योजना

अजित पवार ने स्पष्ट किया कि इस योजना को बंद करने का कोई निर्णय सरकार ने नहीं लिया है और यह योजना महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती रहेगी। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य की आर्थिक स्थिति की जिम्मेदारी उन पर है और वे इसके लिए केंद्र से आवश्यक धन प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत है लेकिन विरोधी महाराष्ट्र को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

### विरोधियों के आरोपों का दिया जवाब

विरोधियों के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि विरोधी दल राज्य की आर्थिक स्थिति के बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं। पवार ने स्पष्ट कहा कि मैं वित्त मंत्री हूँ, मुझे राज्य की स्थिति की जानकारी है। उन्होंने विरोधियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सत्ता में आने के लिए राज्य की बदनामी न करें। उन्होंने यह भी कहा कि विरोधी दल के सत्ता में आने पर लाडकी बहिन योजना बंद हो जाएगी, लेकिन महायुती सरकार इस योजना को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मतदाताओं से की महायुती को वोट देने की अपील

विकास कार्यों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि महायुती के विधायकों के चुने जाने पर नासिक जिले को विकास के लिए बड़ी धनराशि मिलेगी। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि महायुती के उम्मीदवारों को जिताने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे महायुती के उम्मीदवारों को वोट देकर राज्य के विकास को आगे बढ़ाएं।

# चाचा से मोहब्बत, भतीजे की किडनैपिंग

## क्राइम पेट्रोल और सिंघम 3 की एक्ट्रेस शबरीन गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

क्राइम पेट्रोल में पुलिस का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री शबरीन को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शबरीन पर को ढाई साल के बच्चे के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें वसई की वालीव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभिनेत्री शबरीन सिंघम 3 फिल्म में भी अभिनय कर रही हैं। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। और उसके प्रेमी ब्रिजेश की भूमिका की जांच रही है। इस किडनैपिंग में उसकी एक महिला साथी भी साथ थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।



### प्रेम का पागलपन

दरअसल, शबरीन का बृजेश सिंह नाम के शख्स के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था, लेकिन अलग-अलग समुदाय के होने के कारण बृजेश सिंह का परिवार शादी के खिलाफ था। शबरीन को बृजेश के परिवार की ये बात पसंद नहीं आई। वो बृजेश की मोहब्बत में इस कदर फिदा थी कि सीरियल क्राइम पेट्रोल और सिंघम 3 जैसी फिल्मों में काम करने के बावजूद उसने प्लान बनाया और बृजेश के भतीजे को किडनैप कर लिया।

### बच्चा रेस्क्यू, प्रेमी के रोल की जांच

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो शबरीन ऑटो से बच्चे को लेकर जाती हुई दिखी। उसके साथ एक और महिला दिखाई दी। पुलिस ने ऑटो वाले को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की तो पता चला कि ऑटो नायगांव में छोड़ दिया गया। शबरीन की फोटो दिखाए गए तो कुछ लोगों ने उसकी पहचान कर ली। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर बांद्रा से शबरीन को कस्टडी में लिया। उससे पूछताछ की तो पता चला कि बच्चे को सुरक्षित एक फ्लैट में नायगांव में रखा गया है। पुलिस ने बच्चे को रेस्क्यू कर लिया है और शबरीन को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं ब्रजेश के रोल की जांच की जा रही है।

### कैसे हुई शुरुआत?

शबरीन और बृजेश सिंह पिछले कुछ सालों से प्यार के रिश्ते में थे। दोनों एक दूसरे से बेइंतहा मोहब्बत भी करते थे। शबरीन जाति-धर्म के बंधन को तोड़कर बृजेश से शादी करना चाहती थी। लेकिन मुस्लिम समुदाय की शबरीन से शादी के लिए राजपूत खानदान से ताल्लुक रखने वाले बृजेश सिंह का परिवार राजी नहीं था। शबरीन ने कई कोशिशें कीं, लेकिन न तो वो, न ही बृजेश परिवार को मना पाया। ऐसे में शबरीन ने वो रास्ता अपनाया जो की उसके लिए सलाखों के पीछे जाने की वजह बना। बृजेश का भतीजा ढाई साल का था। वो रोज क्लास के लिए जाता था। शनिवार सुबह 11 बजे वो क्लास के लिए पहुंचा तो थोड़ी देर बाद शबरीन उसे लेने पहुंच गई। शबरीन को मासूम पहचानता था, इसलिए वो भी साथ जाने को राजी हो गया। दोपहर तक जब प्रिंस घर नहीं आया तो उसके घर वाले क्लास में पता लगाने पहुंचे। वहां बताया गया कि प्रिंस किसी पहचान वाली महिला के साथ चला गया। महिला ये कहकर ले गई कि दवा दिलानी है।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं है, शिक्षा स्वयं जीवन है : जॉन डेवी

# संतोषी माता मंदिर में भड़की आग की ज्वाला
## देखते-देखते सबकुछ हो गया स्वाहा



दोपहर संवाददाता | मुंबई

चेंबूर कॉलोनी इलाके में संतोषी माता मंदिर में शनिवार दोपहर करीब 2.15 बजे भीषण आग लग गई. आग की सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

### मौके पर मंदिर में कई श्रद्धालु मौजूद

यह मंदिर चेंबूर कॉलोनी इलाके में एनलक्स अस्पताल के बगल में है और शनिवार दोपहर करीब 2.15 बजे मंदिर में अचानक आग लग गई. इस मौके पर मंदिर में कई श्रद्धालु मौजूद थे. आग लगते ही श्रद्धालु मंदिर से बाहर निकल गए। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई। इसके बाद तुरंत दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. दमकलकर्मी बचाव अभियान में जुट गए और कुछ ही देर बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का सही कारण पता नहीं चल पाया है।

# समाजवादी पार्टी ने महाराष्ट्र में मांगी 12 सीटें

**अखिलेश यादव बोले- बीजेपी को हराना जरूरी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। ऐसे में प्रदेश भर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। महाराष्ट्र के प्रमुख राजनीति दलों बीजेपी, शिवसेना, एनसीपी की महायुति और कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की पार्टी और शरद पवार की पार्टी की महाविकास अघाड़ी के बीच सीट बंटवारे पर बात चल रही है। इस बीच यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने एमवीए से 12 सीटें मांगी हैं। उन्होंने दावा किया है कि महाराष्ट्र में उनके दो विधायक पहले से हैं। ऐसे में हमारी मांग के मुताबिक सीटें मिलने पर परिणाम और भी बेहतर होगा।



### अखिलेश ने कितनी सीटें मांगी?

महाराष्ट्र के धुले जिले में पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि MVA में समाजवादी पार्टी ने 12 सीट मांगी है। हमारे 2 विधायक हैं और हम वो लोग जो कभी-कभी कम सीटों पर भी संतुष्ट हो जाते हैं। जहां पार्टी मजबूत है हमने वहां उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

### महायुति ने महाराष्ट्र की जनता को महा दुखी किया

अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और गठबंधन ने महाराष्ट्र की जनता को महा दु:खी किया है। यहां पर महा भ्रष्टाचार चल रहा है, इन सबका जवाब इस बार जनता देने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बहुत ही होशियार पार्टी है। हरियाणा में हारी हुई जगह पर उन्होंने सरकार बना ली। इसलिए हम लोगों को सावधान रहकर अपने वोट को बचाकर भी रखना है।

### महाराष्ट्र का चुनाव होने जा रहा ऐतिहासिक

सपा प्रमुख ने कहा कि यह महाराष्ट्र का ऐतिहासिक चुनाव होने जा रहा है। जहां यह महाराष्ट्र का चुनाव है, वही यह देश का ऐसा चुनाव है जहां के फैसले से महाराष्ट्र और देश की राजनीति बदलने का काम होगा। बीजेपी के लोग हमारे और आपके बीच में नफरत फैलाने का काम करते हैं। समाजवादियों ने बहुत सफाई से यहां पर एक संदेश देने का काम किया है।

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड**

# हत्या के लिए आरोपियों ने मांगे थे 50 लाख रुपए, बाद में पीछे हटे

दोपहर संवाददाता | मुंबई

बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने खुलासा किया है कि गिरफ्तार किए गए पांच नए आरोपियों ने हत्या के लिए 50 लाख रुपये मांगे थे, लेकिन भुगतान को लेकर असहमति और एनसीपी नेता के रसूख को देखते हुए उन्होंने हत्या को अंजाम देने से बाद में मना कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने (शुक्रवार को गिरफ्तार पांच आरोपियों ने) पूर्व विधायक सिद्दीकी की हत्या में शामिल लोगों को हथियार देने सहित अन्य प्रकार से मदद दी थी।



### आरोपियों को पता था सिद्दीकी बड़े नेता

पुलिस के अुसार गौतम सप्रे को पता था कि सिद्दीकी प्रभावशाली नेता हैं, इसलिए उन्हें मारना उसके गिरोह के लिए बड़ी समस्या पैदा कर सकता था, इसलिए इन आरोपियों ने आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया। लेकिन आरोपी व्यक्तियों ने नए शूटरों को हथियार उपलब्ध कराने तथा अन्य तरीके से सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ताओं ने पाया है कि सप्रे के नेतृत्व वाला गिरोह गोलीबारी किए जाने तक साजिशकर्ता शुभम लोनकर और मुख्य षड्यंत्रकर्ता मोहम्मद जीशान अख्तर के संपर्क में था। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी की 12 अक्तूबर की रात को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम, शुभम लोनकर और मोहम्मद जीशान अख्तर फिलहाल फरार हैं।

### अब तक 9 गिरफ्तार

इस हत्याकांड में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या अब नौ हो गई है, जबकि तीन लोग फरार हैं। पुलिस ने बताया कि नए गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नितिन गौतम सप्रे, संभाजी किसान पारधी, प्रदीप दत्तू थोम्ब्रे, चेतन दिलीप पारधी और राम फूलचंद कनौजिया के रूप में की गई है। सप्रे डोंबिवली से हैं जबकि संभाजी किसान पारधी, थोम्ब्रे और चेतन दिलीप पारधी ठाणे जिले के अंबरनाथ से हैं और कनौजिया रायगढ़ के पनवेल का रहने वाला है।

### 'धोखे से मार देते हैं गीदड़ भी शेर को'

शनिवार को बाबा सिद्दीकी के बेटे विधायक जीशान सिद्दीकी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में वो अपने पिता के हत्यारों को चुनौती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। दरअसल बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान ने अपने एक्स अकाउंड पर शाम 6 बजे के करीब एक पोस्ट की। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि बुज़दिल डराया करते है अक्सर दिलेर को, धोखे से मार देते हैं गीदड़ भी शेर को।



### शुक्रवार को जीशान सिद्दीकी का रहस्यमयी पोस्ट

इससे पहले शुक्रवार को भी जीशान सिद्दीकी ने उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से मुलाकात करने के बाद एक्स पर एक पोस्ट की थी। जीशान सिद्दीकी ने एक्स पर लिखा, 'Not all that is hidden sleeps, Nor all that is visible speaks' इसका मतलब है जो छिपा है वह सब सो नहीं जाता, न ही जो दिखाई देता है वह बोलता है। इस पोस्ट को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। उन्होंने एक्स पर यह रहस्यमयी पोस्ट लिखी। यह पोस्ट किस संदर्भ में और क्यों की गई, यह साफ नहीं है, लेकिन इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं।

# 'हार के डर से मतदाता सूची में सरकार कर रही छेड़छाड़'



## कांग्रेस और NCP शरद गुट का सरकार पर आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी के घटक दलों की तरफ से राज्य में सत्ताधारी गठबंधन महायुति सरकार पर बड़ा आरोप लगाया गया है। पहले शिवसेना यूबीटी और अब महाराष्ट्र कांग्रेस के साथ-साथ एनसीपी शरद पवार गुट की तरफ से सत्ताधारी गठबंधन पर मतदाता सूची में छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। वहीं महाराष्ट्र कांग्रेस की तरफ से इस मामले में चुनाव आयोग को पत्र भी लिखा गया है।

### नाना पटोले ने भाजपा-चुनाव आयोग पर कसा तंज

इस मामले में महाराष्ट्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की तरफ से कहा गया कि, जैसा कि संजय राउत ने कहा कि महायुति सरकार चुनाव हारने के डर से मूल लोगों के नाम चुनाव सूची से हटा रही है और फर्जी मतदाताओं को शामिल कर रही है। इसे लेकर हमने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। हमें चुनावों में किसी भी तरह की पारदर्शिता नहीं दिख रही है। ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग मोदी के पैरों के नीचे बैठा है। इधर इसे लेकर एनसीपी-एससीपी नेता जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि, यह एक गंभीर मुद्दा है। भाजपा ने एक सर्वेक्षण करने और अपने गैर-मतदाताओं को चिह्नित करने के लिए कहा, फिर वे एक विशेष एप्लिकेशन लेकर आए और नामों को पूरी तरह से हटा दिया और नए नाम लाए हैं।



# सीट बंटवारे पर गतिरोध के बीच चेन्निथला ने की उद्धव ठाकरे से मुलाकात

**मुंबई।** महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर महा विकास आघाडी (एमवीए) के घटक दलों में गतिरोध के बीच कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने शनिवार को शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। हालांकि, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रभारी चेन्निथला ने इस मुलाकात को ज्यादा तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि उन्होंने ठाकरे से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए मुलाकात की। एमवीए और सत्तारूढ़ महायुति ने अभी तक अपने बहुप्रतीक्षित सीट बंटवारे समझौते की घोषणा नहीं की है। बांद्रा स्थित ठाकरे के आवास 'मातोश्री' पर बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान चेन्निथला ने उद्धव ठाकरे के साथ अपनी मुलाकात को ज्यादा तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि वह ठाकरे के स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए उनसे मिलने आए थे क्योंकि शिवसेना (यूबीटी) नेता कुछ दिन पहले अस्पताल में भर्ती हुए थे।

# संजय राउत अगर उद्धव ठाकरे को कंट्रोल कर रहे हैं तो यह उनका मुद्दा: नाना पटोले

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की अगुवाई वाली कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना (यूबीटी) के बीच सीट शेयरिंग पर चर्चा जारी है। इस बीच नेताओं में बयानबाजी तेज हो गई है। संजय राउत के बयान पर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने पलटवार किया है। नाना पटोले ने कहा कि अगर संजय राउत उद्धव ठाकरे को कंट्रोल कर रहे हैं, तो यह उनका मामला है। पटोले ने यह भी कहा कि सीट बंटवारे पर चर्चा महा विकास अघाड़ी के नेताओं के आदेश पर गठित समिति कर रही है। इसमें न तो शरद पवार, उद्धव ठाकरे, मल्लिकार्जुन खरगे और न ही राहुल गांधी मौजूद रहते हैं।

शनिवार को मीडिया से बात करते हुए पटोले ने कहा कि अगर संजय राउत उद्धव ठाकरे को कंट्रोल कर रहे हैं तो यह उनका मुद्दा है। हमारे पास अपने नेताओं की वास्तविकता बताने की जिम्मेदारी है और हम ऐसा कर रहे हैं। संजय राउत जो करते हैं। उस पर हम कुछ नहीं बोलना चाहते। पटोले ने यह भी कहा कि संजय राउत उद्धव ठाकरे के नेता हैं और पटोले के नेता मलिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी हैं और एनसीपी (एससीपी) के नेता शरद पवार हैं।



### सीट बंटवारे पर चर्चा

उन्होंने कहा कि संजय राउत उद्धव ठाकरे के नेता हैं। हमारे नेता मलिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी हैं और एनसीपी (एससीपी) के नेता शरद पवार हैं। सीट बंटवारे की समिति में न तो शरद पवार, न ही उद्धव ठाकरे, मलिकार्जुन खड़गे और न ही राहुल गांधी मौजूद हैं। लेकिन इन नेताओं के आदेश पर समिति का गठन किया गया है। इससे पहले आज शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत, विनायक राउत और महाराष्ट्र चुनाव के लिए कांग्रेस के चुनाव प्रभारी रमेश चेन्निथला उद्धव ठाकरे से मिलने मातोश्री पहुंचे और कहा कि महा विकास अघाड़ी के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा हुई, जहां कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले भी मौजूद रहेंगे।

### सीटों के बंटवारे पर एक और बैठक होगी

उन्होंने यह भी पुष्टि की कि सीटों के बंटवारे पर एक और बैठक होगी। मीडिया से बात करते हुए राउत ने कहा कि रमेश चेन्निथला मातोश्री आए थे और हमने उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में चर्चा की। दो दिनों से रुकी हुई चर्चाएं दोपहर 3 बजे फिर से शुरू होंगी। हमने तय किया कि देर रात तक चर्चा पूरी हो जाएगी और हमारी सीटों का बंटवारा तय हो जाएगा। समाजवादी पार्टी हमारे साथ थी और कल उद्धव ठाकरे और अखिलेश यादव के बीच बातचीत हुई थी।

### उद्धव ठाकरे और एमवीए में सब ठीक

इस बीच रमेश चेन्निथला ने कहा कि उद्धव ठाकरे और एमवीए में सब ठीक है। चेन्निथला ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैंने आज उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। वह हाल ही में अस्पताल में थे। इसलिए मैं उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने गया था। वो अब ठीक हैं और महा विकास अघाड़ी की भी हालत ठीक है। उन्होंने आगे कहा कि एमवीए में कोई मतभेद नहीं है और हम इस मामले में एक साथ हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे और 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी।

# बस-ट्रक में भिड़ंत, एक की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की एक बस के मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार देर रात एक ट्रक से टकरा जाने से एक यात्री की मौत हो गई और कम से कम सात अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना पुणे जिले के लोनावाला के निकट शुक्रवार देर रात करीब तीन बजे हुई। उन्होंने कहा, 'अहमदनगर के पाथर्डी डिपो की बस मुंबई जा रही थी, तभी वह एक ट्रक से टकरा गई। दोनों वाहन एक ही दिशा में जा रहे थे।' अधिकारी ने बताया कि इस घटना में विश्वनाथ भगवान वाघमारे नामक एक यात्री की मौत हो गई, जबकि सात से आठ यात्री घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।





**पश्चिम रेलवे**

**रखरखाव कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (रोलिंग स्टॉक) ईएमयू कारशेड मुंबई सेंट्रल डिवीजन, पश्चिम रेलवे, मुंबई 400034, आमंत्रित करता है **ई-निविदा संख्या: डीआरएम/आरएस /2024-25/06 दिनांक: 18.10.2024. कार्य का नाम:** मुंबई सेंट्रल और कांदिवली कारशेड में 25T/5T ईओटी क्रेन का 3 वर्ष की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 26,24,168/. **ईएमडी:** रु. 52,500/. **जमा करने की तिथि और समय:** 15:00 बजे तक, 12.11.2024. खुलने की तिथि और समय: 12.11.2024 को 15.30 बजे. **वेबसाइट विवरण:** निविदा को वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से देखा और प्रस्तुत किया जा सकता है. 0649

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**प्रोप्रायटरी आर्टिकल डेपो (पीएडी) ब्रांड का लघुसूचियन**

**खानपान उत्पाद जैसे की बोतलबंद पानी, बिस्किट्स, नमकीन, एअरेटेड वॉटर, दुग्धजन्य पदार्थ इत्यादी**

**मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (दावा एवं खानपान),** मध्य रेल, मुख्यालय, 5 वी मंजिल, एन. ए. बिल्डिंग, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई - 400 001, द्वारा मध्य रेल की लाइसेंसी संचालित स्टेटिक कैटरिंग यूनिट के लिए पैकेज्ड पीने के पानी तथा खानपान के प्रतिष्ठित उत्पादकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते है. लघुसंचयन के नियम और शर्तें तथा आवेदन पत्र मध्य रेल की वेबसाइट यानी **www.cr.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं. इस मामले में अधिक जानकारी के लिए, किसी भी कार्यालयिन दिवस में **10:00 बजे** से **17:00 बजे** के बीच निर्दिष्ट पते पर संपर्क करें. **आवेदन की लागत:** ₹ 5,000/- है. इसका भुगतान प्रधान वित्तीय सलाहकार, मध्य रेल सीएसएमटी के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में किया जाना है जो की आवेदन और दस्तावेजों के साथ जमा किया जाना है. **नॉन रिफंडबल पंजीकरण शुल्क:** सिर्फ स्टेटिक यूनिट में खानपान उत्पादों के लिए - ₹ 4,00,000/- **नॉन रिफंडेबल पंजीकरण शुल्क:** सिर्फ स्टेटिक यूनिट में पैकेज्ड पीने के पानी के लिए ₹ 3,00,000/- **स्टेटिक और मोबाईल दोनों में पैकेज्ड पीने के पानी के लिए:** ₹ 6,00,000/- अधिक जानकारी के लिए **www.cr.indianrailways.gov.in** पर संपर्क करें. कृपया इस प्रकार संशोधन करे – About us –> Headquarter –> Commercial –> Vital Commercial information –> HQ-> Shortlisting of PAD/PDW brands. 480

रेलवे फाटक को बंद स्थिती में पार करना मना है

**पश्चिम रेलवे**

**रद्दीकरण नोटिस**

**निविदा नोटिस संख्या: बीसीटी/24-25/186 और 187. दिनांक: 07.10.2024. अंतिम तिथि:**05.11.2024, अब रद्द कर दी गई है. 0650

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**अर्थवर्क का शेषकार्य एवं अन्य कार्य**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मध्य रेल, छठवां माला, नया प्रशासनिक भवन, डी.एन.रोड, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई - 400 001 कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदा **(दो पैकेट प्रणाली में)** के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदाएं आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** दौंड मनमाड दोहरीकरण परियोजना के संबंध में दौंड से येवला खंड के बीच तटबंध और पुल पहुँचमार्ग में अर्थवर्क का शेष कार्य, रिटेनिंग वॉल का निर्माण और अन्य विविध कार्य (दो पैकेट प्रणाली में). **निविदा की लागत:** ₹ 1,22,67,10,572.65. **बयाना जमा राशि:** ₹ 62,83,600/-. **निविदा फार्म की लागत:** लागू नहीं (जीसीसी अप्रैल 2022 पृष्ठ क्र. 4 पर खंड संख्या 3 के अनुसार). **ऑफर की वैधता:** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन. **पूर्णावधि:** मान्सून अवधि सहित 12 (बारह) महीने. **निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता:** उपरोक्त कार्य के निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। **निविदा प्रस्तुत करने और खोलने की तिथि व समय:** संपूर्णतः विधिवत भरी गयी ई-निविदाएं आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक **06/11/2024 को 11.00 बजे तक** इलेक्ट्रॉनिकली अपलोड की जानी चाहिए. ये निविदाएं (केवल तकनीकी बिड) इसी दिन **11.00 बजे** के बाद खोली जाएंगी. **संयुक्त जोखिम करार फर्म:** संयुक्त जोखिम करार फर्म को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है. **निविदाकारों के लिए महत्वपूर्ण सूचना: 1)** निविदा संबंधी सभी कार्य संपूर्णतः केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से ही किया जाएगा. निविदा प्रस्तुत करने वाले सभी निविदाकारों को पहले आईआरईपीएस की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर रजिस्टर करना होगा. **2)** भावी निविदाकारों को सूचित किया जाता हैं कि अपनी ऑफर इलेक्ट्रॉनिकली सबमिट करने से पहले निविदा से जुड़ी नियम और शर्तें, पात्रता, मापदंड आदि ध्यानपूर्वक पढ़ लें. **3)** निविदा दस्तावेज तथा समय-समय पर जारी होने वाले शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। यदि इस निविदा में कोई परिवर्तन किया जाना हैं, तो निविदा खुलने की तारीख से कम से कम 15 दिन पहले इस बारे में वेबसाइट पर जानकारी दी जाएगी. किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए उपरोक्त पते पर अथवा **उप मुख्य अभियंता (निर्माण)/दौंड, मध्य रेल,** रेल स्टेशन के निकट, अहमदनगर पर किसी भी कार्य दिवस को 10.00 बजे से 17.30 बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है. **टिप्पणी:** यदि ई-निविदा सूचना के अंतर्गत किसी भी प्रकार के शब्द, नियम और शर्तों आदि में हिंदी और अंग्रेजी संस्करण में को भिन्नता पाई जाती है, तो उस स्थिती में, ई-निविदा सूचना का अंग्रेजी संस्करण अंतिम माना जाएगा एंव लागू होगा.

**खुली ई-निविदा सूचना क्र. सीएओसी-18-2024 दि. 11/10/2024** 478

रेलवे फाटक को बंद स्थिती में पार करना मना है

**मध्य रेल**

**सीओपी, कॉलम की मरम्मत एवं विभिन्न अन्य कार्य**

**क्र.सं.1 कार्य का नाम: (क)** सीओपी, कॉलम, शहतीर, आर्म्स, वैली गटर और डाउनटेक पाइपों की मरम्मत और एडीईएन (डब्ल्यू) भायखला के तहत चूनाभट्टी जीटीबीएन और किंगसर्कल स्टेशन की प्लेटफॉर्म सतह की मरम्मत। **(ख)** एसएसई (डब्ल्यू) कुर्ला खंड के तहत ओएचई टीएसएस, एस एंड टी रिले रूम, कुर्ला, तिलक नगर, ट्रॉम्बे यार्ड, सी-केबिन, चेंबूर, मानखुर्द, विद्याविहार, विक्रोली और घाटकोपर स्टेशन पर पैनल रुम की टपकती छत की मरम्मत। **(ग)** एलटीटी स्टेशन पर नवनिर्मित पार्सल गोदाम में पार्सल प्रबंधन प्रणाली का प्रावधान। **लगभग मूल्य:** ₹ 451.81 लाख। **बयाना राशि:** ₹ 3,75,900/-. **समापन अवधि:** 12 महीने।

**क्र.सं.2 कार्य का नाम: (क)** एडीईएन (डब्ल्यू) कल्याण के अंतर्गत ठाकुर्ली स्टेशन पर 52 चॉल रेलवे क्वार्टरों में आरबी/II/235 (24 यूनिट) और आरबी/II/238 (20 यूनिट) की मरम्मत और पुनर्वास। **(ख)** एडीईएन (डब्ल्यू) कल्याण के तहत ठाकुर्ली स्टेशन के रनिंग रुम और ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत। **(ग)** जंग लगी और टपकी पाइप लाइन, डीजल शेड की जल निकासी लाइन की मरम्मत, कल्याण यार्ड और कल्याण में सेवा भवनों में एडीईएन (डब्ल्यू) कल्याण के तहत। **(घ)** ठाणे स्टेशन पर बगीचों और शौचालयों में एसटीपी उपचारित पानी की आपूर्ति के लिए जल आपूर्ति और जल निकासी प्रणाली का प्रावधान। **लगभग मूल्य:** ₹ 368.36 लाख। **बयाना राशि:** ₹ 3,34,200/-. **समापन अवधि:** 12 महीने।

**क्र.सं.3 कार्य का नाम: (क)** एसएसई/डब्ल्यू/बधवार पार्क के अंतर्गत अधिकारियों के फ्लैट की विविध मरम्मत।। **(ख)** एसएसई/डब्ल्यू/कस्टोडियन सीएसएमटी के तहत अधिकारी के केबिन, एनएबी के स्टाफ सीटिंग कॉमन एरिया, एनेक्स बिल्डिंग, पार्सल बिल्डिंग में ओआरएच आदि के लिए विविध मरम्मत कार्य। **(ग)** जीएम के बंगले (ग्लेनोगल) और जीएम के भवन के लिए विविध मरम्मत कार्य। ख) बधवार पार्क में अधिकारी के क्वार्टरों की आवधिक और नियमित आंतरिक पेंटिंग। **लगभग मूल्य:** ₹ 357.39 लाख। **बयाना राशि:** ₹ 3,28,700/-. **समापन अवधि:** 12 महीने।

**क्र.सं.4 कार्य का नाम:** भाग ए) 1) सीटीआर (पी) कलंबोली यार्ड में 1.5 किमी 2) टीटीआर (1:8.5) 01 सेट कलंबोली यार्ड में 01 सेट पूर्ण टीटीआर (1:8.5) = 01 सेट (एफएस + सीएस + सीएमएस) टी-28 भाग के साथ 60 किग्रा रेल। भाग ख) कलंबोली ट्रिप शेड के लिए कंक्रीट मार्ग का प्रावधान। **लगभग मूल्य:** ₹ 337.44 लाख। **बयाना राशि:** ₹ 3,18,700/-. **समापन अवधि:** 6 महीने।

**क्र.सं.5 कार्य का नाम:** भाग ए) दिवा-वसई रोड टीटीआर (एफएस + टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी) - 14 सेट (1:12) और 1 सेट (1:8:5)। भाग ख) पनवेल-रोहा में टीएफआर-23.60 टीकेएम 1 भाग ग) एसएसई/पीवे/पोर्ट पनवेल के अंतर्गत पीवे विविध कार्य तीसरी मुख्य लाइन जसाई-जेएनपीटी खंड का शेष कार्य। **लगभग मूल्य:** ₹ 94.92 लाख। **बयाना राशि:** ₹ 1,89,800/-. **समापन अवधि:** 6 महीने।

**क्र.सं.6 कार्य का नाम:** (पुनः निमंत्रण) सीनियर डीईएन (एस) क्षेत्राधिकार के तहत 8.0 टन ट्रैक्ड एक्सकेवेटर का उपयोग करके यार्ड में टूटे हुए/नोकदार और छोड़े गए स्लीपरों का प्रतिस्थापन और स्टैकिंग। **लगभग मूल्य:** ₹ 48.73 लाख। **बयाना राशि:** ₹ 97,500/-. **समापन अवधि:** 4 महीने।

**क्र.सं.7 कार्य का नाम: (क)** एडीईएन (एन) लोनावाला के तहत लोनावाला में टाइप-III क्वार्टरों 16 इकाइयों का प्रतिस्थापन। **(ख)** एडीईएन (टी) कल्याण खंड के अंतर्गत विठ्ठलवाड़ी-कर्जत और कर्जत से पनवेल तक सेवा भवनों में सुधार। **लगभग मूल्य:** ₹ 478.56 लाख। **बयाना राशि:** ₹ 3,89,300/. **समापन अवधि:** 12 महीने।

**क्र.सं.8 कार्य का नाम:** ठाकुर्ली डिपो में 65 मिमी मशीन क्रश बलास्ट की आपूर्ति और स्टैकिंग। **लगभग मूल्य:** ₹ 554.61 लाख। **बयाना राशि:** ₹ 4,27,300/-. **समापन अवधि:** 8 महीने।

**क्र.सं.9 कार्य का नाम:**1 वर्ष की अवधि के लिए मुंबई प्रभाग में आरडीएसओ सत्यापित पीएयूटी वेल्ड परीक्षक का उपयोग करके साइट पर मोबाइल एफबी संयंत्रों द्वारा निष्पादित एफबी वेल्डेड जोड़ों के चरण सरणी अल्ट्रासोनिक परीक्षण (पीएयूटी)। **लगभग मूल्य:** ₹ 364.67 लाख। **बयाना राशि:** ₹ 3,32,300/-. **समापन अवधि:** 12 महीने।

**क्र.सं.10 कार्य का नाम:** सायन कॉलोनी - एडीईएन (वर्क्स) भायखला के तहत सायन कॉलोनी में भवन संख्या आरबी-आई/42 से 47 के सेलिंग प्लास्टर, दरवाजे और खिड़कियां, रसोई प्लेटफार्म, डब्ल्यूसी और बाथ के फर्श और वाटर प्रूफिंग, जल आपूर्ति प्रणाली, जल निकासी प्रणाली की मरम्मत और आंतरिक पेंटिंग आदि। **लगभग मूल्य:** ₹ 164.73 लाख। **बयाना राशि:** ₹ 2,32,400/-. **समापन अवधि:** 12 महीने।

**उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र.1 और 2 दिनांक 28/10/2024, क्र. 3 दिनांक 29/10/2024, क्र.4 दिनांक 04/11/2024, क्र.5 और 6 दिनांक 05/11/2024, क्र.7,8 और 10 दिनांक 11/11/2024 और क्र.9 दिनांक 18/11/2024 को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा। निविदा और शुद्धिपत्र के विवरण हेतु अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भेट देने का अनुरोध है।**

इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से टेंडर से ऊपर ई-टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई-टेंडर के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा। **www.ireps.gov.in** वेबसाइट में प्राकृतिक नियम के अनुसार उपलब्ध किए गए ई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल, फोन– 022-67455323। यह निविदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16/09/2017 के अनुरूप है । निवीदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र के ऊपर, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई – 400001 के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

**खुली ई-निवीदा सूचना सं: मरे/मंरेप्र(कार्य) बीबी/2024-25 दिनांक 14/10/2024.** 475

रेलवे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

**पश्चिम रेलवे**

**मुंबई मंडल के बांद्रा और वलसाड स्टेशनों पर रेल कोच रेस्तरां का प्रावधान**

अक्टूबर 2024 के महीने के लिए मुंबई सेंट्रल मंडल के बांद्रा (स्थानीय) और वलसाड रेलवे स्टेशनों पर रेल कोच रेस्तरां के प्रावधान के लिए ई-नीलामी.

**स्थान:** पश्चिम परिसंचारी क्षेत्र. **इकाई का प्रकार:** रेल कोच रेस्तरां. **ई-नीलामी का समय:** 12:00 बजे.

**नीलामी सूची संख्या: बीसीटी-सीटीजी-24-16**

**ई-नीलामी की तिथि: 25.10.2024**

| क्र . सं. | लॉट संख्या | स्टेशन | स्टेशन की श्रेणी | क्षेत्र (वर्ग मीटर) |
|---|---|---|---|---|
| एए/1 | एमएसएस-बीसीटी-बीए आरसीआर-17-24-1 | बांद्रा | सी | 183.25 वर्ग मीटर |
| एए/2 | एमएसएस-बीसीटी-बीएल आरसीआर-13-24-1 | वलसाड | ए | 305 वर्ग मीटर |

**नोट:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें. लॉट के अनुसार विवरण नीचे दिए गए कैटलॉग में उपलब्ध हैं. 0643

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

## संपादकीय

# नागरिकता से न्याय

सर्वोच्च न्यायालय ने नागरिकता अधिनियम के अनुच्छेद 6ए की सांविधानिकता को बरकरार रखकर सही फैसला लिया है। वैसे पांच न्यायाधीशों की पीठ इस फैसले पर एकमत नहीं थी और अंततः फैसला चार-एक से 6ए के पक्ष में आया है। भारतीय नागरिकता देने से संबंधित इस प्रावधान का विशेष महत्व है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से बांग्लादेश से आकर भारत में बसे उन लोगों को नागरिकता मिल जाएगी, जो जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 के बीच भारत आए हैं। अदालत में अनुच्छेद 6ए को एकाधिक याचिकाओं के जरिये चुनौती दी गई थी कि नागरिकता देने की कोई समय-सीमा न रखी जाए, लेकिन न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि असम में प्रवेश और नागरिकता देने के लिए 25 मार्च 1971 की अंतिम तिथि सही है। भारत के प्रधान न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा का बहुमत का फैसला इस बात पर सर्वसम्मत था कि साल 1985 में संसद द्वारा बनाया गया कानून एक विधायी समाधान है, जिसे संसद ने प्रभावी बनाया है। यह असम समझौता असमिया संस्कृति, विरासत, भाषायी और सामाजिक पहचान को सुरक्षित-संरक्षित करने के मकसद से किया गया था। जिस 6ए को चुनौती दी गई थी, उसकी पृष्ठभूमि को समझना जरूरी है। यह तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व वाली सरकार, असम सरकार और ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन के बीच खोजा गया एक सही सियासी समाधान था। असम में इस कानून के लिए विशेष रूप से छात्रों ने छह साल तक प्रदर्शन किया था, तब जाकर समझौता हुआ था और कानून बनाया गया था। यह कानून न बनता, तो शायद बांग्लादेश की ओर से लोगों का आना कम नहीं होता। वैसे एक पहलू यह भी है कि कानून बनने के बावजूद बांग्लादेश से लोगों का आना रुका नहीं है और इसी आधार पर एक न्यायाधीश बहुमत के फैसले से असहमत हैं। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला के मुताबिक, सांस्कृतिक-सामाजिक संरक्षण का मकसद पूरी तरह से हल नहीं हुआ है और ऐसे में, अनुच्छेद 6ए को असांविधानिक माना जा सकता है। हालांकि, यह एक बहुत गंभीर सवाल है कि साल 1971 के बाद असम या भारत में आए लोगों को भी अगर स्वीकार कर लिया जाए, तो क्या होगा? ऐसी ढिलाई या उदारता अन्य लोगों को भी भारत आने के लिए उकसाएगी। अतः संस्कृति और आबादी के ढांचे को बचाने के लिए कडे.कानूनों की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। आज लोगों का एक से दूसरे देश में अवैध पलायन और उसके बाद नागरिकता के सवाल पर भारत ही नहीं, हरेक देश का चिंतित होना स्वाभाविक है। सबको अपने हित में कानून बनाने व लागू करने का हक है। यह अच्छी बात है कि हमारी अदालतों को भी चिंता है कि भारतीय राज्य का चरित्र नहीं बदलना चाहिए। बाहर से आने वाली कोई भी संस्कृति स्थानीय बसावट को मुश्किल में डालती है। आजकल स्वयं बांग्लादेश म्यांमार से आई रोहिंग्या आबादी की वजह से बहुत परेशान है और वह अपनी परेशानी संयुक्त राष्ट्र में भी कई बार उठा चुका है। ध्यान देने की बात है कि मुस्लिम राष्ट्र बांग्लादेश में भी मुस्लिम रोहिंग्या को शरण देने में समस्या हो रही है और वह अपनी अर्थव्यवस्था व सामाजिकता के बारे में सोच रहा है। भारत को धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि अपने व्यापक सामाजिक-आर्थिक हित के आधार पर ही सोचना चाहिए और तभी किसी को नागरिकता देनी चाहिए।

## शख्सियत | वीरेंद्र सहवाग

# क्रिकेट के दिग्गज



दिल्ली के नजफगढ़ में 20 अक्टूबर 1978 को जन्मे वीरेंद्र सहवाग भारत के सबसे विस्फोटक क्रिकेटरों में से एक हैं, जो अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली और उल्लेखनीय रिकॉर्ड के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ़ अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया और जल्द ही खुद को भारतीय टीम में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर लिया।

सहवाग के करियर की पहचान उनकी अपरंपरागत तकनीक से है, जिसने उन्हें सभी प्रारूपों में गेंदबाजों पर हावी होने की अनुमति दी। वह एक सलामी बल्लेबाज़ थे जिन्होंने अपने निडर दृष्टिकोण से भूमिका को फिर से परिभाषित किया, अक्सर पहली गेंद से ही विपक्षी टीम पर हमला बोल दिया। तेज़ी से रन बनाने की उनकी क्षमता ने उन्हें भारत की बल्लेबाजी लाइनअप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना दिया।
सहवाग के करियर का एक मुख्य आकर्षण 28 मार्च 2004 को आया, जब उन्होंने मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ़ 309 रनों की शानदार पारी खेली, और टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने। उन्हें 2008 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ 219 रनों की विस्फोटक पारी और 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ़ 278 रनों की शानदार पारी के लिए भी जाना जाता है। एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ODI) में, वे भारत की 2011 विश्व कप जीत में एक प्रमुख व्यक्ति थे, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ़ फाइनल में 87 रन बनाए थे। सहवाग न केवल एक रन मशीन थे, बल्कि एक बेहतरीन क्षेत्ररक्षक और कभी-कभी ऑफ स्पिनर भी थे। उनके तेज क्रिकेटिंग दिमाग और तेज रिफ्लेक्स ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
उन्होंने अपने करियर का अंत एकदिवसीय मैचों में 8,000 से अधिक रन और टेस्ट मैचों में 8,000 रन के साथ किया, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट उल्लेखनीय था, जिसने उन्हें अपने समकालीनों से अलग कर दिया। 2013 में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, सहवाग ने एक कमेंटेटर और क्रिकेट विश्लेषक के रूप में खेल में योगदान देना जारी रखा। उन्हें उनके परोपकारी कार्यों और विभिन्न सामाजिक कारणों में भागीदारी के लिए भी जाना जाता है। क्रिकेट इतिहास में सबसे महान सलामी बल्लेबाजों में से एक के रूप में सहवाग की विरासत कायम है, जो अपनी निडर शैली और बेजोड़ प्रतिभा से क्रिकेटरों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित कर रहे हैं।

# लोकतंत्र की कसौटी पर ' एक राष्ट्र, एक चुनाव '

भारतीय लोकतंत्र की गरिमा बचाने वाला एक अनुग्रह है- हालांकि कुछ लोगों के लिए यह भारत की सबसे अधिक परेशान करने वाली खामियों में एक होगा – कि व्यावहारिक रूप से यहां सदा कोई न कोई चुनाव चलता रहता है। इसलिए, पिछले आम चुनाव की गूंज जैसे ही खत्म हुई – जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पद पर तो बनाए रखा, लेकिन बहुमत के बिना और गठबंधन सरकार के नेतृत्व के साथ– जल्द ही हरियाणा राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। जिसके पिछले सप्ताह घोषित परिणामों ने राजनेताओं और चुनाव विशेषज्ञों, दोनों को चौंका दिया।
हरियाणा में मोदी की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अप्रत्याशित जीत हासिल की, जहां पर उसकी हार की उम्मीद बताई जा रही थी। वहीं जम्मू-कश्मीर में विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने अपने क्षेत्रीय सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर जीत पाई, जबकि वहां पर चुनावों में किसी भी पार्टी या गठबंधन को बहुमत न मिलने के कारण त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणी की गई थी। जून के लोकसभा चुनाव में भी चुनाव पंडितों के कयास गलत निकले थे – उन्होंने भाजपा की तगड़ी जीत का अनुमान लगाया था – निश्चित रूप से भारत के मतदाता का अंदाज़ा पहले से नहीं लगाया जा सकता। अपेक्षाओं को धता बताने के और अधिक मौके भारतीय मतदाताओं को शीघ्र ही मिलने जा रहे हैं। साल खत्म होने से पहले और दो राज्यों -महाराष्ट्र और झारखंड – में चुनाव होने जा रहे हैं। उनके बाद नंबर दिल्ली का होगा, जिसके संकटग्रस्त मुख्यमंत्री ने हाल ही में इस्तीफा देकर समय से पहले चुनाव कराने की मांग की है (जो वैसे भी अगले मार्च तक होने हैं)। दूसरे शब्दों में, चुनाव एक साथ होने के बजाय – भारत के 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों में से हर कोई अपनी सरकारें चुनता है – भारत का यह चुनावी पंचांग अब बदलने की बात हो रही है। मोदी सरकार के लिए, यह सारी चुनाव से संबंधित अनिश्चितता बहुत दूर निकल चुकी है। वह चाहते हैं कि भारत एक निश्चित चुनावी कार्यक्रम स्थापित करे, जिसके अंतर्गत लोकसभा (संसद का निचला सदन), राज्यों की विधानसभाओं और स्थानीय निकायों, सभी के लिए हर पांच साल में एक ही तारीख को मतदान हो। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने हाल ही में इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए एक बृहद रिपोर्ट तैयार की, जिसे पीएम मोदी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का नाम दिया है। चुनावों की बारम्बारता वास्तव में किसी राष्ट्रीय सरकार के लिए एक चुनौती है। मसलन, जहां राज्य व स्थानीय चुनावों में अधिकांशतः स्थानीय मुद्दे प्रभावी होते हैं और अक्सर इन्हें राष्ट्रीय सरकार पर एक प्रकार के जनमत संग्रह के रूप में देखा जाता है। दूसरी ओर, स्वतंत्र चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव के दौरान



शासन व्यवस्था ठप हो जाती है, ताकि कार्यकारी सरकार ऐसी नीतिगत घोषणाएं न करने पाए, जिससे कि मतदाता उनके पक्ष में मतदान करने के लिए प्रभावित हो। इसके अलावा, राष्ट्रीय नेता चुनाव वाले राज्यों में प्रचार करने में व्यस्त हो जाते हैं, जिनमें से प्रत्येक का अपना राजनीतिक इतिहास होता है और अक्सर, उनकी अपनी पार्टियां भी। पीएम मोदी और उनके गृह मंत्री अमित शाह अपने दस वर्षीय कार्यकाल के दौरान अंतहीन चुनावी अभियान में व्यस्त रहे, जिससे कि उनके अपने आधिकारिक कर्तव्यों के लिए बहुत कम समय बचा। प्रधानमंत्री मोदी की दलील है कि बार-बार चुनाव कराने से पैसा और समय दोनों बर्बाद होते हैं। हो सकता है उन्हें यह विचार भी आया होगा कि एक साथ चुनाव करवाने पर राष्ट्रीय पार्टियों और मुद्दों का फायदा राज्य चुनावों में मिल सकता है, ताकि राष्ट्र व्यापी चुनाव प्रचार में स्थानीय नेताओं और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की संभावना कम ही रहे।
विपक्ष इस प्रस्तावित सुधार को खारिज

**शशि थरूर**


करता है, यह इंगित करते हुए कि सभी चुनाव एक साथ करवाने पर खर्च में जो भी मामूली बचत हो पाएगी, उसके बरक्स,चुनाव अभियानों में जिस प्रकार बड़े पैमाने पर पैसा लगाए जाने से आर्थिकी को प्रोत्साहन मिलता है, उससे वंचित होने का नुकसान होगा। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि यह प्रस्ताव भारत के संघीय स्वरूप और विविधता को कुचलने का मंसूबा दर्शाता है, जोकि मोदी के एकात्मकवाद के प्रति लगाव को कार्यकुशलता के रूप में पेश करता है।
'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह अव्यावहारिक है, जिसको हम अपने अनुभवों से जानते हैं। स्वतंत्रता उपरांत, भारत ने एक ही तारीख पर चुनाव करवाने वाली व्यवस्था कायम की थी। लेकिन यह व्यवस्था 1952 से 1967 तक, केवल पंद्रह वर्षों तक चल पाई। इसकी वजह भारत की संसदीय प्रणाली के मूल में निहित हैः सरकारों के लिए विधायी बहुमत बनाए रखना जरूरी है। यदि कोई सरकार अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले बहुमत खो देती है, तो नए चुनाव होने चाहिए। हो सकता है कोई सरकार अपना बहुमत बढ़ाने की इच्छा से समय पूर्व चुनाव करवाने के लिए कहे।
यह अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समय पर हो गुजरा है,और राष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक बार हुआ है और आगे भी होता रहेगा, खासकर कई राज्यों में गठबंधन सरकार होने के कारण। भारतीय राज्य अपनी लय पर चलते हैं, जोकि दिल्ली में संघीय प्रणाली का ढोल बजाने वालों से बहुत अलहदा है।
एक राष्ट्रीय गठबंधन सरकार, जैसी वर्तमान में मोदी के नेतृत्व वाली है, वह भी गिर सकती है। तब क्या? निश्चित ही, किसी सरकार के लिए नए सिरे से चुनावी जनादेश प्राप्त किए बिना सत्ता में बने रहना अलोकतांत्रिक होगा। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार तभी अर्थपूर्ण हो सकता हैजब मुख्य कार्यकारी सीधे चुने जाएं ताकि उनका जनादेश विधायी बहुमत पर आधारित न हो – दूसरे शब्दों में, राष्ट्रपति प्रणाली। और, वास्तव में, भारत में राज्यों और यहां तक कि संघीय स्तर पर भी ऐसी व्यवस्था बनाने लिए विमर्श चलाया जा सकता है, लेकिन मोदी ऐसा नहीं कर रहे।
बहरहाल, हमें आगामी महीनों में होने वाले दो या तीन राज्यों में विधानसभा चुनावों का स्वागत करना चाहिए। शायद, भारतीय मतदाता अपने 'राजनीतिक आकाओं' को फिर से कुछ और चौंकाएंगे।

## जीवन मंत्र

# अनिर्णय की स्थिति क्यों ?

'मैं अब एक लक्ष्य को ध्यान में रखकर नई शुरुआत कर रहा हूं पर ऐसा लगता है कि यह हमेशा एक सपना ही रहेगा।
मुझे नहीं पता कि इस सपने को हासिल करने के लिए कौन सा रास्ता अपनाना चाहिए? क्या मैं रास्ता दिखाने के लिए ब्रह्मांड पर भरोसा कर सकता हूं?

पिछले दिनों एक युवक ने मुझे लंबा ई-मेल भेजा, जिसमें उसने लिखा, 'मैं अपने जीवन के बारे में निर्णय लेने के बेहद अहम मोड़ पर हूं। मैं ऐसे कई सारे लोगों को जानता हूं, जो अपनी नौकरी से नाखुश हैं और अपनी जिंदगी से भी बेजार हैं। मैं ऐसा नहीं बनना चाहता। मैंने अपनी सभी पिछली योजनाओं को इस वजह से त्याग दिया है कि ये सही नहीं हैं। कुछ लोग मुझसे कहते हैं, यह सोच मूर्खतापूर्ण है।' उसने आगे लिखा, 'मैं अब एक लक्ष्य को ध्यान में रखकर नई शुरुआत कर रहा हूं, पर ऐसा लगता है कि यह हमेशा एक सपना ही रहेगा। मुझे नहीं पता कि इस सपने को हासिल करने के लिए कौन सा रास्ता अपनाना चाहिए? क्या मैं रास्ता दिखाने के लिए ब्रह्मांड पर भरोसा कर सकता हूं? मैं जानता हूं कि हमें वर्तमान में जीना चाहिए और भविष्य की चिंता नहीं करनी चाहिए, पर क्या इसका मतलब यह नहीं होगा कि कोई निश्चित कार्ययोजना न होना ठीक है?



मैं बहुत विवश महसूस कर रहा हूं।'
मैंने उसे बताया कि भविष्य पर विचार करते समय आपको सही निर्णय पर ध्यान केंद्रित करने या उस गतिविधि की खोज करने की आवश्यकता नहीं है, जिससे आप जीवन भर खुश रहेंगे। आप यह देखें कि आपकी रुचि किस चीज में है और एक व्यक्ति के तौर पर आपका विकास किसमें है? अब लोग अपने जीवन के दौरान कई बार नौकरियां व करियर बदलते रहते हैं। आपके लिए यह जानना ही काफी है कि जीवन के मौजूदा समय में आगे बढ़ने के लिए कौन-सा कदम हितकारी है। अपने आत्म के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचते ही ब्रह्मांड आपको दिखाएगा कि क्या कदम उठाना है, आपको बस उसे समझने के लिए सक्षम बनना है। **–दीपक चोपड़ा**


## जीवन ऊर्जा

जॉन डेवीः जन्म 20 अक्टूबर, 1859 | जन्म

# शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं है, शिक्षा स्वयं जीवन है

जॉन डेवी एक अमेरिकी दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक और शिक्षा सुधारक थे। वे व्यावहारिकता और प्रगतिशील शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी व्यक्ति थे, जो शिक्षा में अनुभवात्मक शिक्षा और लोकतंत्र की वकालत करते थे। डेवी के प्रभावशाली विचारों ने चिंतन, आलोचनात्मक सोच और लोकतांत्रिक समाज को बढ़ावा देने में शिक्षा की भूमिका के महत्व पर जोर दिया। जॉन डेवी का जन्म 20 अक्टूबर, 1859 को हुआ था और उनका निधन 1 जून, 1952 को हुआ था।

शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं है; शिक्षा स्वयं जीवन है। हम अनुभव से नहीं सीखते... हम अनुभव पर चिंतन करके सीखते हैं। विज्ञान में हर महान प्रगति कल्पना की एक नई हिम्मत से उत्पन्न हुई है। सबसे महत्वपूर्ण दृष्टिकोण जो बनाया जा सकता है वह है सीखने की इच्छा। यदि हम आज के छात्रों को कल के छात्रों की तरह पढ़ाते हैं, तो हम उनसे कल छीन लेंगे। एक समस्या को अच्छी तरह से बताया जाना आधी हल की गई समस्या है।लोकतंत्र को हर पीढ़ी में नए सिरे से जन्म लेना पड़ता है, और शिक्षा इसकी दाई है। अतीत के दोषों को खत्म करने का एकमात्र तरीका बेहतर भविष्य का निर्माण करना है।विकास ही जीवन का एकमात्र प्रमाण है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तियों को अपनी शिक्षा जारी



रखने में सक्षम बनाना है। शिक्षा अनुभव पर आधारित होनी चाहिए। स्वतंत्रता संयम की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि अवसरों की उपस्थिति है। आत्मा कोई पहले से बनी हुई चीज नहीं है, बल्कि क्रिया के चुनाव के माध्यम से निरंतर निर्माण में रहने वाली चीज है। यह पता लगाना कि कोई व्यक्ति क्या करने के लिए उपयुक्त है, और उसे करने का अवसर प्राप्त करना, खुशी की कुंजी है। अनुभव वह नहीं है जो आपके साथ घटित होता है; यह वह है जो आप अपने साथ घटित होने वाली घटनाओं के साथ करते हैं। जिस व्यक्ति के पास कल्पना नहीं है, उसके पास पंख नहीं हैं। जो सबसे अच्छा और बुद्धिमान माता-पिता अपने बच्चे के लिए चाहते हैं, वही समाज को अपने सभी बच्चों के लिए चाहिए। शिक्षा एक सामाजिक प्रक्रिया है; शिक्षा विकास है; शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं है, बल्कि जीवन ही है। परिवर्तन लाने का एकमात्र तरीका दुनिया को एक बेहतर जगह बनाना है। जो लोग सोचना जानते हैं, उन्हें शिक्षकों की आवश्यकता नहीं है। लोकतंत्र में, व्यक्ति केवल राज्य का सेवक नहीं है; वह समाज के संगठन में मुख्य कारक है। सबसे महान विचारक सबसे महान सपने देखने वाले होते हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# रावण शिवभक्त विद्वान ही नहीं अति मानववादी भी था

(भाग 3)

आचार्य आवश्यक साधन, उपकरण अनुष्ठान उपरान्त वापस ले जाते हैं। स्वीकार हो तो किसी को भेज दो। सागर सन्निकट पुष्पक विमान में यजमान पत्नी विराजमान हैं। श्रीराम ने हाथ जोड़कर मस्तक झुकाते हुए मौन भाव से इस सर्वश्रेष्ठ युक्ति को स्वीकार किया। श्री रामादेश के परिपालन में, विभीषण मंत्रियों सहित पुष्पक विमान तक गए और सीता सहित लौटे। अर्द्ध यजमान के पार्श्व में बैठो अर्द्ध यजमान आचार्य के इस आदेश का वैदेही ने पालन किया। गणपति पूजन कलश स्थापना और नवग्रह पूजन उपरान्त आचार्य ने पूछा लिंग विग्रह यजमान ने निवेदन किया कि उसे लेने गत रात्रि के प्रथम प्रहर से पवनपुत्र कैलाश गए हुए हैं। अभी तक लौटे नहीं हैं, आते ही होंगे।
आचार्य ने आदेश दे दिया- विलम्ब नहीं किया जा सकता। उत्तम मुहूर्त उपस्थित है। इसलिए अविलम्ब यजमान पत्नी बालू का लिंग-विग्रह स्वयं बना ले।
जनक नंदिनी ने स्वयं के कर-कमलों से समुद्र तट की आर्द्र रेणुकाओं से आचार्य के निर्देशानुसार यथेष्ट लिंगविग्रह निर्मित किया। यजमान द्वारा रेणुकाओं का आधार पीठ बनाया गया। श्री सीताराम ने वही



महेश्वर लिंगविग्रह स्थापित किया। आचार्य ने परिपूर्ण विधिविधान के साथ अनुष्ठान सम्पन्न कराया। अब आती है बारी आचार्य की दक्षिणा की श्रीराम ने पूछा आपकी दक्षिणा पुनः एक बार सभी को चौंकाया आचार्य के शब्दों ने घबराओ नहीं यजमान, स्वर्णपुरी के स्वामी की दक्षिणा सम्पत्ति नहीं हो सकती। आचार्य जानते हैं कि उनका यजमान वर्तमान में वनवासी है। लेकिन फिर भी राम अपने आचार्य की जो भी माँग हो उसे पूर्ण करने की प्रतिज्ञा करता है।
आचार्य जब मृत्यु शैय्या ग्रहण करे तब यजमान सम्मुख उपस्थित रहे आचार्य ने अपनी दक्षिणा मांगी। ऐसा ही होगा आचार्य यजमान ने वचन दिया और समय आने पर निभाया भी।

**रघुकुल रीति सदा चली आई**
**प्राण जाई पर वचन न जाई**

यह दृश्य वार्ता देख सुनकर उपस्थित समस्त जन समुदाय के नयनाभिराम प्रेमाश्रुजल से भर गए। सभी ने एक साथ एक स्वर से सच्ची श्रद्धा के साथ इस अद्भुत आचार्य को प्रणाम किया। रावण जैसे भविष्य दृष्टा ने जो दक्षिणा माँगी। उससे बड़ी दक्षिणा क्या हो सकती थी जो रावण यज्ञकार्य पूरा करने हेतु राम की बंदी पत्नी को शत्रु के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। वह राम से लौट जाने की दक्षिणा कैसे मांग सकता है। रामेश्वरम् देवस्थान में लिखा हुआ है कि इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना श्रीराम ने रावण द्वारा करवाई थी।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# एकाग्रता

आज की दुनिया में लक्ष्य की ओर तो सभी लोग चल रहे हैं, लेकिन विजेता वह है जो कम समय में सफलता हासिल कर रहा है। कम समय में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आपमें एकाग्रता का होना बहुत जरूरी है। मन और ध्यान न भटके, इसके लिए आपको एकाग्रता का अभ्यास करना होगा। यहां हम आपको स्वामी विवेकानंद की एक कहानी से बताते हैं एकाग्रता की अहमियत। एक बार स्वामी विवेकानंद संस्कृत के विख्यात विद्वान प्रोफेसर पाल डायसन के निमंत्रण पर जर्मनी गए। दोनों के बीच उपनिषद, वेदांत दर्शन और शंकर भाष्य पर गहन चर्चा हुई। इसी बीच डायसन किसी काम से उठकर बाहर गए। उनकी अनुपस्थिति में स्वामीजी का ध्यान वहां रखी एक पुस्तक की ओर गया। डायसन जब लौटे तो उन्होंने देखा कि स्वामी जी पुस्तक पढ़ने में मग्न हैं। पूरी पुस्तक पढ़ने के उपरांत जब उन्होंने अपना सिर ऊपर उठाया, तो पाल डायसन को प्रतीक्षा करते हुए पाया। स्वामी विवेकानंद ने खेद प्रकट करते हुए कहा- 'क्षमा कीजियेगा. मैं पढ़ रहा था। मुझे आपके आने का आभास ही नहीं हुआ।' मगर डायसन को यह बात संभव नहीं लग रही थी कि स्वामीजी को उनके आने का सचमुच पता न चला हो। उनके मन के भावों को जानकर स्वामी विवेकानंद को बहुत दुख हुआ। उन्हें यह विश्वास दिलाने के लिए कि वे वाकई पढ़ रहे थे, वे उन्हें पुस्तक में लिखी कविताओं की पंक्तियां सुनाने लगे। कंठस्थ कविताओं को सुनने के बाद पाल डायसन की नाराजगी और बढ़ गई। उन्हें लगने लगा कि स्वामी विवेकानंद ने वह पुस्तक पहले से ही पढ़ी हुई थी और उनकी उपेक्षा के लिए वे उनके समक्ष पुस्तक पढ़ने का स्वांग कर रहे थे। यह सुनकर स्वामी विवेकानंद ने कहा, 'महोदय! किसी भी कार्य को यदि एकाग्रता से किया जाये, तो समय कम खर्च होता है और कार्य का परिणाम अधिक प्राप्त होता है। एकाग्रता बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए कोई भी कार्य एकाग्रता के साथ करना चाहिए।"
डायसन को अपनी भूल का अहसास हुआ और साथ ही जीवन का एक महत्वपूर्ण पाठ भी सीखने को मिला।
सीखः एकाग्रता से काम करने से आपको कम समय में अधिक सफलता मिलेगी। समय भी बचेगा।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड के प्रस्ताव को एलजी की मंजूरी

- उमर दो दिन में PM मोदी से मिलेंगे
- हम अपने अधिकार वापस हासिल करेंगे : उमर

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव को उपराज्यपाल ने शनिवार को मंजूरी दे दी। गुरुवार को राज्य के दर्जे की बहाली के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कैबिनेट ने प्रस्ताव पास किया था। डिप्टी सीएम सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा, 'केंद्र को अपना वादा पूरा करना चाहिए और राज्य का दर्जा बहाल करना चाहिए, यह हमारा अधिकार है। हम वही मांग रहे हैं जो उन्होंने पहले ही वादा किया था।'इस मांग को लेकर उमर अब्दुल्ला 2 दिन में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।



### पूरा मामला समझें

दरअसल, केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के साथ ही प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म करते हुए उसे दो यूनियन टेरिटरी (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था। उमर ने विधानसभा चुनाव के दौरान भी कहा था कि कैबिनेट की पहली मीटिंग में ही जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रस्ताव को मंजूर किया जाएगा। 16 अक्टूबर को CM पद की शपथ लेने के बाद अगले दिन ही उन्होंने प्रस्ताव पास किया। कैबिनेट की मीटिंग में डिप्टी CM सुरिंदर चौधरी, मंत्री सकीना मसूद इट्टू, जावेद अहमद राणा, जाविद अहमद डार और सतीश शर्मा भी मौजूद थे।

### राज्यपाल से मंजूरी के बाद की कानूनी प्रक्रिया

- प्रस्ताव को उपराज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। आगे का निर्णय केंद्र सरकार को करना है। पूर्ण राज्य के दर्जे के लिए केंद्र सरकार ही जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में बदलाव की प्रक्रिया कर सकती है।
- जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुर्नगठित किया गया था। इसलिए पूर्ण राज्य के दर्जे के लिए संसद में एक कानून पारित कर पुनर्गठन अधिनियम में बदलाव करना होगा। यह बदलाव संविधान की धारा 3 और 4 के तहत होंगे।
- राज्य का दर्जा देने के लिए लोकसभा और राज्यसभा में नए कानूनी बदलावों का अनुमोदन जरूरी होगा, यानी संसद से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलना जरूरी है। मंजूरी के बाद इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी के बाद जिस दिन राष्ट्रपति इस कानूनी बदलाव की अधिसूचना जारी करेंगे, उसी तारीख से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिल जाएगा।

### पूर्ण राज्य के दर्जे के बाद जम्मू-कश्मीर में क्या-क्या बदलेगा?

- राज्य की विधानसभा को पब्लिक ऑर्डर यानी सार्वजनिक व्यवस्था और समवर्ती सूची के मामलों में कानून बनाने के अधिकार मिलेंगे।
- सरकार कोई वित्तीय बिल पेश करती है तो इसके लिए उसे उपराज्यपाल की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी।
- एंटी करप्शन ब्यूरो और अखिल भारतीय सेवाओं पर राज्य सरकार का पूरा नियंत्रण हो जाएगा।

# खाड़ी देशों में 13,000 एक्टिव PFI मेंबर्स



- केरल में PFI के 3 लाख समर्थक और 25 हजार से ज्यादा सदस्य

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) के खिलाफ 2 साल से चल रही ED की जांच में नए खुलासे हुए हैं। ED ने शुक्रवार को बताया कि PFI के सिंगापुर और खाड़ी देशों में 13 हजार से ज्यादा एक्टिव मेंबर्स हैं, जिन्हें करोड़ों रुपए के फंड जुटाने की जिम्मेदारी मिली हुई है।

### डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटियां बनाईं

PFI ने खाड़ी देशों में रह रहे प्रवासी मुस्लिम समुदाय के लिए डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटियां बनाई हैं। इन्हीं कमेटियों को फंड जुटाने की जिम्मेदारियां दी गई थीं। ED ने बताया कि विदेशों से जुटाए करोड़ों के फंड को अलग-अलग बैंकिंग चैनलों के साथ-साथ हवाला के माध्यम से भारत भेजा जाता था।

### सितंबर 2022 में NIA और ED ने छापा मारा

सितंबर 2022 में देशभर में PFI के ठिकानों पर NIA और ED ने छापा मारा था। इसमें PFI से जुड़े कई नेताओं को गिरफ्तार किया गया था। इन पर UAPA के तहत कार्रवाई की गई थी। छापेमारी के बाद केंद्र सरकार ने 28 सितंबर 2022 को PFI संगठन को बैन कर दिया था। ED तब से PFI के खिलाफ जांच कर रही है।

### ED की जांच में 4 खुलासे

- जांच से पता चला है कि PFI के वास्तविक उद्देश्य इसके संविधान में बताए गए उद्देश्यों से अलग हैं। PFI खुद को एक सामाजिक आंदोलन के रूप में पेश करता है, लेकिन जांच में पता चला है कि PFI के वास्तविक उद्देश्यों में जिहाद के माध्यम से भारत में एक इस्लामिक आंदोलन खड़ा करना है।
- PFI दावा करता है कि वह अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए शांतिपूर्ण और अहिंसक तरीकों का इस्तेमाल करेगा, लेकिन जांच में पता चला है कि फिजिकल एजुकेशन की क्लासेस की आड़ में PFI पंच, किक, चाकूबाजी और स्टिक अटैक के हिंसक तरीकों की प्रैक्टिस करवाता था।
- देश में मौजूद PFI के ठिकानों में से कोई भी PFI के नाम पर रजिस्टर्ड नहीं था। फिजिकल एजुकेशन की क्लासेस की जगह भी डमी ओनर्स के नाम पर रजिस्टर्ड थी।
- 2013 में केरल के कन्नूर जिले में नारथ आर्म्स कैंप में PFI के फिजिकल एजुकेशन क्लास में विस्फोटकों और हिंसक हथियारों की ट्रेनिंग दी गई। इसका उद्देश्य अलग-अलग धर्मों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### दिल्ली में फिर बढ़ा एयर पॉल्यूशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली-NCR में शनिवार सुबह एयर क्वालिटी में काफी गिरावट देखी गई। एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 300 पॉइंट को पार कर गया। सुबह आसमान में धुंध छाई रही और लोगों को सांस लेने में भी परेशानी महसूस हुई। उधर, यमुना नदी में जहरीला झाग लगातार दूसरे दिन भी नजर आ रहा है।
दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सर्दी बढ़ने की वजह से दिल्ली-NCR की एयर क्वालिटी खराब हो रही है। दो दिन से पॉल्यूशन का स्तर बढ़ रहा है।

### क्या प्रियंका जीतती हैं तो वायनाड में ही रहेंगी : एलडीएफ

**वायनाड।** केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के उम्मीदवार सत्यन मोकेरी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी एवं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि क्या वह यहां से जीतने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में मौजूद रहेंगी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने दो दिन पहले ही पार्टी के वरिष्ठ नेता मोकेरी की उम्मीदवारी की घोषणा की थी। उन्होंने 2014 में वायनाड से चुनाव लड़ा था, हालांकि वह तत्कालीन कांग्रेस उम्मीदवार एमआई शानवास से वोटों के बहुत कम अंतर से हार गए थे।

### राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी में भाजपा विधायक पर केस दर्ज

**विजयपुरा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ यहां हाल में एक जनसभा के दौरान कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में विजयपुरा के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि कांग्रेस नगर पार्षद परशुराम होसामनी की शिकायत पर शुक्रवार को गांधी चौक पुलिस थाने में यतनाल के खिलाफ शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करने और झूठी एवं भ्रामक जानकारी फैलाने का मामला दर्ज किया गया।

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 2 आतंकी गिरफ्तार

- 3 ग्रेनेड और 1 पिस्तौल भी बरामद
- मंदिर-अस्पताल में हमला करने वाले थे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 3 ग्रेनेड और 1 पिस्तौल भी बरामद की गई है। सेना के अधिकारियों ने बताया ये दोनों जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स नाम के संगठन से जुड़े हाइब्रिड आंतकी हैं। हाइब्रिड आतंकी आम नागरिकों की तरह ही इलाके में रहते हैं, लेकिन चोरी-छिपे आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होते हैं या आतंकियों की सहायता करते हैं। इन्हें पहचानना मुश्किल हो जाता है। जम्मू पुलिस के ADGP आनंद जैन ने कहा कि पूछताछ में पता चला कि दोनों आतंकी ने मंदिर, सेना के ठिकानों और एक अस्पताल पर ग्रेनेड फेंकने की प्लानिंग कर रहे थे।



### पुलवामा में 20 दिन पहले जैश-ए-मोहम्मद के 6 सहयोगी गिरफ्तार

पुलिस ने 27 सितंबर को पुलवामा के अवंतीपोरा में टेरर मॉड्यूल का खुलासा किया। पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के 6 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। ये युवाओं को आतंकवाद की ट्रेनिंग देते थे। इनके पास से 5 IED, 30 डेटोनेटर, IED की 17 बैटरी, 2 पिस्टल, 3 मैगजीन, 25 राउंड, 4 हैंड ग्रेनेड और 20 हजार कैश बरामद हुआ है।

## भगवान शिव पर अभद्र टिप्पणी
# विधायक पर केस दर्ज

**इंदौर।** भगवान शिव पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी श्योपुर से कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल के खिलाफ इंदौर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि विहिप के नेता व वकील अनिल नायडू की शिकायत पर जंडेल के खिलाफ शुक्रवार देर रात प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक आस्थाओं का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने समेत अन्य आरोपों के तहत दर्ज की गई है।



### जंडेल ने दी सफाई

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) हंसराज सिंह ने बताया कि मामले में जंडेल पर श्योपुर में पहले ही प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। अब दोनों मामलों को एक साथ जोड़कर आगे की कार्रवाई होगी। जंडेल पर यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद हुई है। वहीं, जंडेल ने दावा किया कि उनकी छवि खराब करने के लिए वीडियो को काट-छांट कर वायरल किया गया है और वह खुद एक शिव भक्त हैं।

# झारखंड के नए डीजीपी बनाए गए अजय कुमार सिंह

- हटाए गए अनुराग गुप्ता

**रांची।** सीनियर आईपीएस अफसर अजय कुमार सिंह झारखंड के नए डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) नियुक्त किए गए हैं। इससे पहले भी वे राज्य के डीजीपी रह चुके हैं। वे फिलहाल झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पद पर पदस्थापित थे। चुनाव आयोग के निर्देश पर अनुराग गुप्ता को तत्काल प्रभाव से डीजीपी पद से हटा दिया गया है।



### 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं अजय कुमार सिंह

1989 बैच के आईपीएस अफसर अजय कुमार सिंह को एक बार फिर झारखंड डीजीपी की जिम्मेदारी दी गयी है। नीरज सिन्हा के सेवानिवृत्त होने के बाद इन्हें झारखंड का नया डीजीपी बनाया गया था। इससे पहले वे एसीबी का डीजी और झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अध्यक्ष रह चुके हैं। हजारीबाग, धनबाद समेत कई जिलों में एसपी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। बिहार के कई जिलों में भी एसपी रह चुके हैं। चुनाव आयोग ने झारखंड के कार्यवाहक डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) अनुराग गुप्ता को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया था। इनकी जगह वरिष्ठ डीजीपी स्तर के अफसर को प्रभार सौंपने को कहा था।

# बंगाल में डॉक्टरों का प्रदर्शन तेज
## RG KAR मेडिकल कॉलेज में हड़ताल की चेतावनी

- ममता सरकार को 2 दिन का अल्टीमेटम

**कोलकाता।** कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर ममता बनर्जी सरकार को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। डॉक्टरों ने सरकार को 21 अक्टूबर तक अपनी सभी मांगों को पूरा करने के लिए कहा है। डॉक्टरों ने मांगे नहीं मानी जाने पर 22 अक्टूबर से राज्यव्यापी हड़ताल की चेतावनी दी है। डॉक्टर पिछले दो महीनों से अपने ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं। डॉक्टरों ने साफ कहा है कि अगर सरकार ने जल्द कदम नहीं उठाए, तो सरकारी और निजी अस्पतालों के डॉक्टर हड़ताल पर जा सकते हैं।

### क्या है डॉक्टरों की प्रमुख मांगे ?



जूनियर डॉक्टर आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के बाद से सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही डॉक्टर एक केंद्रीय रेफरल प्रणाली (centralised referral system) की भी मांग कर रहे हैं ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके। डॉक्टरों का कहना है कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी गईं, तो वे हड़ताल के लिए मजबूर हो जाएंगे।

### ममता बनर्जी से सीधी बातचीत की मांग

डॉक्टरों की ओर से, देबाशीष हलदर ने कहा, ₹हम चाहते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हमारे साथ बैठकर चर्चा करें और हमारी सभी मांगों को लागू करें।₹ उनका कहना है कि अगर यह नहीं हुआ, तो डॉक्टर मंगलवार से हड़ताल पर चले जाएंगे। डॉक्टरों ने सरकार से यह भी कहा कि वे केवल आश्वासन नहीं बल्कि ठोस कार्रवाई चाहते हैं।

# मणिपुर में उग्रवादियों ने गांव पर फेंके बम




**इम्फाल।** मणिपुर के जिरिबाम जिले में एक बार फिर हिंसा भड़की है। बोरोबेकरा इलाके के एक गांव में उग्रवादियों ने शनिवार सुबह 5 बजे फायरिंग कर दी। बोरोबेकरा पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने गांव में बम भी फेंके हैं। सूचना मिलने पर पुलिस और CRPF की टीमें मौके पर पहुंची हैं। उग्रवादियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग लगातार जारी है। फिलहाल हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। पुलिस ने बताया कि बोरोबेकरा जिरिबाम टाउन से 30km दूर है। इस इलाके में घने जंगल और पहाड़ हैं और यहां पहले भी गोलीबारी जैसी घटनाएं हो चुकी हैं।

**अजब-गजब** पाकिस्तानी दुल्हन बनी यूपी की बहू

# 'ऑनलाइन कुबूल है'
## सरहद पार जाने की नहीं मिली मंजूरी, दूल्हे ने ऑनलाइन बना लिया बेगम

एजेंसी | जौनपुर

भारत-पाकिस्तान के बीच भले ही सरहद की दीवारें खड़ी हैं, लेकिन दोनों मुल्कों के लोगों के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। उत्तरप्रदेश में दो दिलों को जोड़ने का एक अनोखा मामला सामने आया है। शुक्रवार की रात जौनपुर के दूल्हे का पाकिस्तान की लड़की से ऑनलाइन निकाह हुआ। वीडिया कॉल पर दोनों ने एक-दूसरे को देखकर कुबूल किया। विवाह के दौरान दोनों पक्ष के लोग मौजूद रहे। पाकिस्तान से वीजा मिलने के बाद दुल्हन भारत आएगी। दुल्हन की विदाई का दूल्हे को इंतजार है।



### एक साल पहले तय हुई थी शादी

जौनपुर नगर पालिका परिषद के मखदुम शाह अढ़न वार्ड के भाजपा सभासद तहसीन शाहिद के रिश्तेदार सैय्यद अली जैदी पाकिस्तान के लाहौर में रहते हैं। BJP सभासद शाहिद ने एक साल पहले अपने पुत्र मोहम्मद अब्बास हैदर की शादी रिश्तेदार सैय्यद अली की बेटी सैय्यदा अंदलीब जहरा के साथ तय कर दी थी। शादी के लिए उच्चायुक्त में वीजा के लिए आवेदन किया था।

### टीवी स्क्रीन पर ऑनलाइन विवाद

भाजपा नेता तहसीन शाहिद ने ऐसी स्थिति में फोन पर लाहौर निवासी रिश्तेदार से बातकर ऑनलाइन शादी कराने का फैसला लिया। दोनों पक्षों की मंजूरी के बाद आखिरकार शुक्रवार की रात इमामबाड़ा कल्लू मरहूम में तहसीन शाहिद अपने साथ सैकड़ों बारातियों को लेकर पहुंचे। टीवी स्क्रीन पर सभी के सामने ऑनलाइन निकाह करवा दिया।

### दुल्हन की विदाई के लिए जल्द वीजा देने की अपील

लड़के पक्ष से निकाहनामा मौलाना महफूजूल हसन खान ने पढ़वाया। वीडियो कॉल पर लड़की ने निकाह कुबूलनामा स्वीकार किया। दुल्हन ने भी दुल्हे को देखकर अपना शौहर कुबूल किया। निकाह के बाद दूल्हे मोहम्मद अब्बास ने लड़की की विदाई जल्द हो इसके लिए वीज़ा जल्द जारी करने की अपील की है।

# केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई को बेंगलुरु पुलिस ने किया गिरफ्तार



## 2 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई को महिला से 2 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को जेडीएस के पूर्व विधायक की पत्नी की तरफ से दर्ज धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के भाई को गिरफ्तार किया है।
शिकायत नागथान के पूर्व विधायक देववंद फूल सिंह चव्हाण की पत्नी सुनीता चव्हाण ने दर्ज कराई थी, जो 2023 का विधानसभा चुनाव हार गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि गोपाल जोशी ने मई में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उनके परिवार को भाजपा का टिकट दिलाने के नाम पर उनसे दो करोड़ रुपये की ठगी की। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि विजयलक्ष्मी का परिचय उसे प्रल्हाद जोशी की बहन के रूप में कराया गया था।

# इजरायली PM के घर पर ड्रोन से हुआ हमला



- नेतन्याहू का खात्मा चाहता था तेहरान, हमले में ईरान शामिल

**जेरूसलम।** इजरायली पीएम नेतन्याहू के निजी आवास पर शनिवार को ड्रोन से हुए हमले में ईरान लेबनान के साथ-साथ ईरान का भी हाथ शामिल था। इस हमले को लेकर इजरायल की स्थानीय न्यूज चैनल की तरफ से कहा गया कि यह हमला लेबनान की तरफ से किया गया था, जबकि इसका मास्टरमाइंड ईरान था। रिपोर्ट में कहा गया कि इस हमले के जरिए हिजबुल्लाह के साथ मिलकर तेहरान ने इजरायली पीएम नेतन्याहू को खत्म करने की कोशिश की है। स्थानीय न्यूज चैनल ने एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के हवाले से बताया कि नेतन्याहू को खत्म करने की कोशिश करते हुए ईरान ने हिजबुल्लाह की तरफ से यह हमला करवाया था। चैनल के सोशल मीडिया पोस्ट में पहली बार हिजबुल्लाह द्वारा इजरायली पीएम के आवास पर किए गए हमले के बाद पहली बार तेहरान का नाम सामने आया है।

## खबर संक्षेप

### दोस्ती के जाल में फंसाकर युवक को गोली मारी

**मुजफ्फरपुर:** पारू थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना में 26 वर्षीय युवक विनय कुमार के साथ मारपीट के बाद उसके मुंह में गोली मार दी गई। हमलावर घटना के बाद मौके से फरार हो गए, जबकि गंभीर रूप से घायल विनय को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। विनय कुमार, जो बेंगलुरु में मजदूरी करता था, को देर रात कुछ परिचितों ने पार्टी के बहाने घर से बुलाया। थोड़ी देर बाद जानकारी मिली कि उसके साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि उसे गोली भी मारी गई। विनय की मां ने बताया कि घटना घर से कुछ ही कदम की दूरी पर हुई। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है। एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन ने बताया कि घटनास्थल पर ग्रामीणों की सूचना के बाद पुलिस ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। आरोपियों की पहचान के प्रयास जारी हैं।

### विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन का ऐलान

रांचीः झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन के दलों ने सीट बंटवारे पर सहमति बना ली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची में इस गठबंधन की घोषणा की, जिसमें कहा गया कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) 81 में से 70 सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवार उतारेंगे। इस बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस निर्णय के पीछे कई दौर की बातचीत और सहयोगियों के साथ विचार-विमर्श किया गया है। हालांकि, उन्होंने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया कि जेएमएम और कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। शेष 11 सीटों के लिए गठबंधन सहयोगियों, जैसे आरजेडी और वाम दलों, के साथ भी बातचीत जारी है।

### चुनाव आयोग का निर्देश: डीजीपी हटाने का आदेश

**रांची:** चुनाव आयोग ने झारखंड सरकार को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता को तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। आयोग के आदेश के अनुसार, कार्यवाहक डीजीपी को कैडर के वरिष्ठतम अधिकारी को कार्यभार सौंपना होगा। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार को 21 अक्टूबर को सुबह 10 बजे तक IPS अधिकारियों का एक पैनल पेश करने का आदेश दिया गया है।यह निर्णय पिछले चुनावों में अनुराग गुप्ता के खिलाफ मिली शिकायतों के मद्देनजर लिया गया है। 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान गुप्ता पर पक्षपातपूर्ण आचरण के आरोप लगे थे, जिसके कारण उन्हें एडीजी (स्पेशल ब्रांच) के पद से मुक्त किया गया था।

# सीएम योगी ने की बैठक: उपचुनावों में दलितों और पिछड़ों को साधने की रणनीति पर मंथन

## नौ सीटों पर उपचुनाव की तैयारी, मंत्रियों की मौजूदगी में गहन चर्चा

**एजेंसी | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले आगामी उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में सभी प्रभारी मंत्रियों के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री भी शामिल हुए। माना जा रहा है कि बैठक में प्रत्याशियों के चयन और चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### तीन प्रभारियों की तैनाती, हर सीट पर होगी सटीक रणनीति



प्रत्येक उपचुनाव सीट के लिए पहले ही तीन-तीन प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जो अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को लेकर मीटिंग में शामिल हुए। कुल तीस प्रभारी और कई वरिष्ठ मंत्रियों की मौजूदगी ने इस बैठक को महत्वपूर्ण बना दिया। आगामी उपचुनाव 13 नवंबर को प्रस्तावित हैं, जबकि मिल्कीपुर (अयोध्या) सीट पर कानूनी प्रक्रिया लंबित होने के कारण अभी चुनाव की घोषणा नहीं की गई है।

### दलितों और पिछड़े वर्ग पर फोकस

चुनावों में सफलता सुनिश्चित करने के लिए बैठक में दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों को साथ लाने की रणनीतियों पर गहन मंथन हुआ। इन समुदायों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने और उनका विश्वास जीतने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया।

### अगले साल के बजट पर भी शुरू हुई तैयारियां

साथ ही, राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारी भी शुरू कर दी है। वित्त विभाग ने बजट अनुमानों के संबंध में निर्देश जारी किए हैं और सभी विभागों से अधिकतम पांच प्रमुख बिंदुओं की जानकारी मांगी है। इन बिंदुओं में राज्य सरकार की प्राथमिकताएं, प्रमुख योजनाएं, उपलब्धियां और नई नीतियों का समावेश अनिवार्य होगा। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने सभी विभागों को निर्देश भेजे हैं।

# ज्ञानवापी मामले में सुनवाई जारी, 25 अक्टूबर को आएगा आदेश

## दोनों पक्षों ने दी दलीलें, अगली सुनवाई पर निगाहें

**एजेंसी | वाराणसी**



ज्ञानवापी परिसर से जुड़े 32 साल पुराने मामले में शनिवार को सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। मुस्लिम पक्ष ने अपनी दलीलें प्रस्तुत कीं, जबकि हिंदू पक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के कई आदेशों का हवाला दिया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 अक्टूबर की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने कहा कि वर्ष 1991 से लंबित इस वाद को अब तक अटकाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन अब मुस्लिम पक्ष खुद मामले में शीघ्र निपटारे की मांग कर रहा है। मुस्लिम पक्ष ने सुनवाई के दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश का उल्लेख करते हुए जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी और वक्फ बोर्ड के अधिवक्ताओं ने अपनी दलीलें कोर्ट के सामने रखीं। वहीं, हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी परिसर के बचे हुए हिस्से के पुरातात्विक सर्वेक्षण (ASI सर्वे) की मांग को दोहराया। इसके अलावा, अदालत में पूर्व के कई न्यायिक फैसलों की प्रतियां भी प्रस्तुत की गईं।

अब इस बहुचर्चित मामले में 25 अक्टूबर को अदालत द्वारा आदेश सुनाए जाने की संभावना है।

# आजमगढ़ में पिकअप वैन की टक्कर से चार पुलिसकर्मी घायल

## बदमाशों के पशु तस्करी से जुड़े होने का शक

### आरोपी फरार, जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसी | आजमगढ़**



अहरौला थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक पिकअप वैन ने पुलिसकर्मियों की बाइक को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में चार पुलिसकर्मी घायल हुए, जिनमें से एक होमगार्ड की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पिकअप वैन सवार आरोपी घटना के बाद वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस को आशंका है कि ये बदमाश पशु तस्करी से जुड़े हो सकते हैं। घटना रात करीब 9 बजे की है, जब तेज रफ्तार पिकअप वैन ने अहरौला से बूढ़नपुर जा रहे 112 पीआरबी के पुलिसकर्मियों की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कांस्टेबल पंकज यादव और उनके साथ बैठे होमगार्ड रामप्रवेश प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान शाहपुर मेले से लौट रहे थाने के दो अन्य पुलिसकर्मियों ने भागती पिकअप का पीछा किया, लेकिन बदमाशों ने उनकी बाइक को भी टक्कर मार दी, जिससे आरक्षी सौरभ राय और परीक्षित दुबे घायल हो गए।

# सर्राफा व्यापारी के बेटे की हत्या से हड़कंप, आक्रोशित भीड़ ने किया राजमार्ग जाम

## ऊंचाहार में लापता युवक का शव बरामद, व्यापारियों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया

**एजेंसी | रायबरेली**

रायबरेली में सर्राफा व्यापारी के 24 वर्षीय बेटे की चाकू से गोदकर हत्या किए जाने की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। युवक का शव प्रतापगढ़ जिले के नवाबगंज क्षेत्र में शारदा नहर की झाड़ियों में मिला। इस घटना से नाराज व्यापारियों ने लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग को जाम कर प्रदर्शन किया।

### लापता होने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव



मदारीपुर गांव निवासी राकेश कौशल की ऊंचाहार के मुख्य चौराहे पर ज्वेलरी की दुकान है। शुक्रवार को उनका बेटा शोभित कौशल दुकान पर बैठा था, तभी दो लोग उसे बाइक से अपने साथ ले गए। इसके बाद शोभित वापस नहीं लौटा। घटना के कुछ समय बाद एक संदिग्ध व्यक्ति शोभित की बाइक लेकर वापस दुकान पहुंचा और चोरी का प्रयास करने लगा। उसी समय राकेश कौशल मौके पर पहुंच गए और आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला राज, दो आरोपी हिरासत में

पुलिस ने घटना की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिससे मामले की सच्चाई सामने आई। पुलिस ने नजनपुर गांव निवासी एक संदिग्ध को रात में हिरासत में लिया और गहन पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर शनिवार को शोभित का शव नवाबगंज थाना क्षेत्र के गोसाई का पुरवा के पास नहर किनारे झाड़ियों से बरामद हुआ। घटना की जानकारी ऊंचाहार में फैलते ही स्थानीय व्यापारी आक्रोशित हो उठे और लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन करने लगे।

# मामा-भांजे की मौत से गांव में छाया मातम, एक ही चिता पर हुआ अंतिम संस्कार

**एजेंसी | गोरखपुर**

गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर-एक के काशी टोला में मामा-भांजे की मौत ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। 80 वर्षीय रामकुमार की बीमारी के चलते मौत हो गई। उनके भांजे, 36 वर्षीय उदय प्रताप भारती, जो मामा के बेहद करीब थे, सदमे से हार्ट अटैक का शिकार हो गए। शुक्रवार को दोनों का बांसस्थान स्थित चिलुआ नदी के किनारे एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।



### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

रामकुमार की बहन का बेटा उदय प्रताप अपने बचपन से ही मामा के पास रह रहा था। दो साल पहले अपने बड़े भाई की बीमारी से मौत के बाद, उदय ने अपनी भाभी और चार बच्चों की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली थी और परिवार के भरण-पोषण के लिए गांव के तरकुलहीं टोले में चाय की दुकान पर काम करता था।

### एक दिन में दो दर्दनाक मौतें

गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे रामकुमार का निधन हो गया। मामा की मौत से गहरे सदमे में आए उदय प्रताप को रात लगभग 2 बजे अचानक बेचैनी महसूस हुई। वह अजीब हरकतें करने लगा और कपड़े उतारकर फेंकने लगा। परिवार के लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही उसकी भी मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को बांसस्थान स्थित चिलुआ नदी के किनारे मामा और भांजे का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने भारी मन से उन्हें अंतिम विदाई दी।

# प्रशांत किशोर का आरोप: नीतीश के अधिकारी अवैध शराब से वसूली में शामिल

**एजेंसी | गया**

गया जिले के बेलागंज और इमामगंज विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के दौरान जन सुराज की सक्रियता बढ़ गई है। पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने दोनों क्षेत्रों में कैंप लगाकर मतदाताओं से संवाद स्थापित किया। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शराबबंदी नीति पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि उनके अधिकारी अवैध शराब से पैसे कमा रहे हैं, जिससे जहरीली शराब से मौतें हो रही हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि इस बार बिहार की जनता 'ट्रिपल S'— शराबबंदी, स्मार्ट मीटर और सर्वे— के मुद्दों पर सरकार से नाराज है। उन्होंने कहा, ₹जन सुराज नकली शराब के धंधे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।₹ उन्होंने पार्टियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा, राजद और जदयू भी शराबबंदी के मुद्दे पर जवाब देने से बच रहे हैं। जन सुराज ने बेलागंज से प्रो. खिलाफत हुसैन और इमामगंज से डॉ. जितेंद्र पासवान को उम्मीदवार बनाया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि उनकी पार्टी बाहुबली संस्कृति को खत्म करना चाहती है और उम्मीदवारों का चयन जाति या धनबल से नहीं, बल्कि बहुमत के आधार पर किया गया है।

## व्यापार जगत

# ₹80 के नीचे फिसला सांघी इंडस्ट्रीज का शेयर, 52 हफ्तों के निचले स्तर पर पहुंचा

## बाजार में सुधार के बावजूद सीमेंट कंपनी के शेयर ने किया संघर्ष

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जो अडानी समूह की सीमेंट कंपनी है, का शेयर 80 के नीचे पहुंचकर 52 हफ्तों के निचले स्तर पर आ गया है। शुक्रवार को शेयर ने 81.95 पर बंद किया, जो पिछली क्लोजिंग 81.43 के मुकाबले 0.64% की मामूली बढ़त को दर्शाता है। ट्रेडिंग के दौरान यह 79.71 तक गिरा, जो इसका 52 हफ्तों का नया निचला स्तर है। जनवरी 2024 में यह शेयर 156.20 के उच्चतम स्तर पर था।



### क्या अब निवेश का सही समय है?

सांघी इंडस्ट्रीज का शेयर अपने निचले स्तर पर है, जिससे निवेशक सवाल कर रहे हैं कि यह सही अवसर हो सकता है या नहीं। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, ऐसे लो-प्राइस शेयरों में निवेश जोखिम और अवसर दोनों के साथ आता है। निवेशक निर्णय लेने से पहले कंपनी के फंडामेंटल्स और बाजार की भावी संभावनाओं का विश्लेषण कर सकते हैं।

### शेयरहोल्डिंग पैटर्न और निवेशकों की रुचि:

कंपनी के प्रमोटर्स के पास कुल 75% हिस्सेदारी है, जबकि 25% हिस्सेदारी पब्लिक निवेशकों के पास है। सितंबर तिमाही के अंत में, रिटेल निवेशकों की हिस्सेदारी 24.5% रही, जो जून तिमाही से अपरिवर्तित है।

### बाजार में रिकवरी के बावजूद सुस्त प्रदर्शन


शुक्रवार को शेयर बाजार ने तीन दिनों की गिरावट से उबरते हुए तेजी दिखाई। बीएसई सेंसेक्स 218.14 अंकों की बढ़त के साथ 81,224.75 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 104.20 अंकों की बढ़त के साथ 24,854.05 पर बंद हुआ। घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी ने इस रिकवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ: 5430 करोड़ रुपए का मौका

## आईपीओ 25 अक्टूबर से, निवेशकों के लिए सुनहरा अवसर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

शापूरजी पालोनजी ग्रुप की कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर (Afcons Infrastructure) ने 5430 करोड़ रुपए का आईपीओ लाने की तैयारी कर ली है। कंपनी ने रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (RHP) फाइल कर दिया है, और आईपीओ 25 अक्टूबर 2024 से खुलने जा रहा है, जबकि निवेशकों को इसमें भाग लेने का अवसर 29 अक्टूबर तक मिलेगा। एंकर निवेशकों के लिए आईपीओ 24 अक्टूबर को उपलब्ध होगा। इस आईपीओ में 1250 करोड़ रुपए का फ्रेश इश्यू होगा, जबकि 4180 करोड़ रुपए के शेयर ऑफर फॉर सेल (OFS) के तहत जारी किए जाएंगे। यह बिक्री प्रमोटर गोस्वामी इंफ्राटेक द्वारा की जाएगी।




### वित्तीय स्थिति

वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का नेट प्रॉफिट 449.70 करोड़ रुपए रहा, जो 9.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 91.60 करोड़ रुपए और राजस्व 3154.40 करोड़ रुपए रहा।


### प्रमोटरों द्वारा धन जुटाना

हाल ही में, प्रमोटर गोस्वामी इंफ्राटेक ने 6.25 करोड़ शेयर कुछ घरेलू और वैश्विक निवेशकों को ट्रांसफर किए हैं। इससे उनकी शेयर होल्डिंग 71.87 प्रतिशत से घटकर 53.52 प्रतिशत हो गई है।

# नोकिया ने 2000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रख्यात टेक्नोलॉजी कंपनी नोकिया ने लागत में कमी लाने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी की है। खबरों के अनुसार, कंपनी ने चीन में 2000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। इसके अलावा, यूरोप में भी 350 लोगों को प्रभावित किया गया है। कंपनी के प्रवक्ता ने यूरोप में हुई छंटनी की पुष्टि की है, लेकिन चीन से संबंधित छंटनी पर टिप्पणी नहीं की है।




### नोकिया की ताजा वित्तीय स्थिति

हाल में जारी तीसरी तिमाही के परिणामों में कंपनी के ऑपरेटिंग प्रॉफिट में 9 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। हालांकि, कुल बिक्री अपेक्षा से कम रही है।

### मेटा ने भी की छंटनी

छंटनियों की यह लहर सिर्फ नोकिया तक सीमित नहीं है। इसी सप्ताह मेटा ने भी अपने वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम, और थ्रेड्स डिवीजनों में छंटनी की है।

### चीन में घटते अनुबंध से कंपनी को झटका

चीन नोकिया के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, लेकिन वहां उसे हाल में झटका लगा है। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण चीनी कंपनियों जैसे Huawei और ZTE पर प्रतिबंध लगे, लेकिन इसका नकारात्मक असर नोकिया और Ericsson पर भी पड़ा। चीनी कंपनियों ने अपने कॉन्ट्रैक्ट्स में कटौती कर दी है। 2019 में नोकिया की कुल बिक्री का 26 प्रतिशत चीन से आता था, जो अब घटकर 6 प्रतिशत रह गया है।

### लागत घटाने के लिए बड़े पैमाने पर योजनाएं

नोकिया ने 2023 में घोषणा की थी कि वह 14,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की योजना बना रही है। इसके जरिए कंपनी का लक्ष्य 800 मिलियन यूरो बचाने का है, और 2026 तक 1.2 बिलियन यूरो की बचत की उम्मीद है।

# IDFC फर्स्ट बैंक ने बढ़ाई ब्याज दरें: ग्राहकों के लिए खुशखबरी

## 3 करोड़ रुपए तक की जमा पर 8.25% तक का ब्याज

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुरक्षित निवेश के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) का विकल्प हमेशा पसंदीदा रहता है। हाल ही में, IDFC फर्स्ट बैंक ने 3 करोड़ रुपये तक की जमा राशि पर ब्याज दरों में सुधार किया है। ये नई दरें 16 अक्टूबर 2024 से प्रभावी हैं, जो निवेशकों के लिए एक अच्छी खबर लेकर आई हैं।




### अन्य बैंकों की दरें

**पंजाब नेशनल बैंक (PNB):** सामान्य नागरिकों के लिए एफडी पर ब्याज दरें 3.50 प्रतिशत से 7.25 प्रतिशत तक हैं। वरिष्ठ नागरिक 4 प्रतिशत से 7.75 प्रतिशत और अति वरिष्ठ नागरिक 4.30 प्रतिशत से 8.05 प्रतिशत तक का लाभ उठा सकते हैं। ये दरें 1 अक्टूबर 2024 से लागू हैं।

**पंजाब एंड सिंध बैंक:** 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए सामान्य नागरिकों के लिए 2.80 प्रतिशत से 7.25 प्रतिशत तक की ब्याज दरें पेश करता है।

**बैंक ऑफ बड़ौदा:** यह बैंक सामान्य नागरिकों के लिए 7 दिनों से 10 साल के बीच 4.25 प्रतिशत से 7.15 प्रतिशत तक की एफडी ब्याज दरें प्रदान करता है। वरिष्ठ नागरिक 4.75 प्रतिशत से 7.60 प्रतिशत के बीच ब्याज का लाभ उठा सकते हैं। ये नई दरें 3 अक्टूबर 2024 से प्रभावी हैं।

### ब्याज दरों का ब्योरा

IDFC फर्स्ट बैंक ने सामान्य नागरिकों के लिए 7 दिनों से लेकर 10 वर्ष तक की मैच्योरिटी अवधि के लिए 3 प्रतिशत से 7.75 प्रतिशत के बीच ब्याज दरें निर्धारित की हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह दरें सामान्य ग्राहकों की तुलना में 0.50 प्रतिशत अधिक हैं, जो कि 3.50 प्रतिशत से 8.25 प्रतिशत तक पहुंचती हैं। खासतौर पर, 400 से 500 दिनों की अवधि के लिए 8.25 प्रतिशत की उच्चतम ब्याज दर उपलब्ध है। हालांकि, यदि एफडी को जल्दी निकाला जाता है, तो 1 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा।

# महिला विश्व कप | न्यूजीलैंड-दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले खिताब की जंग

**नंबर गेम**

- 02 बार न्यूजीलैंड की टीम को इस टूर्नामेंट के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा
- 01 बार दक्षिण अफ्रीका की टीम पिछले साल फाइनल में पहुंचीं पर ऑस्ट्रेलिया से हार गई
- 190 रन सर्वाधिक टूर्नामेंट में द. अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट में पांच मैच में बनाए हैं
- 141 रन न्यूजीलैंड की ओर से सर्वाधिक जॉर्जिया प्लिमर ने पांच मैच में बनाए हैं







**एजेंसी । दुबई**

करीब ढाई सप्ताह चले रोमांचक मुकाबलों के बाद आखिरकार खिताबी जंग का वक्त आ गया। महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को सेफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की टीम के सामने लॉरा वोलवार्ट की दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी। दोनों टीमें पहली बार ट्रॉफी उठाने को बेकरार होंगी। कीवी टीम तीसरी बार जबकि दक्षिण अफ्रीकी टीम दूसरी बार खिताब मुकाबले में पहुंची है। जीत किसी की भी हो, टूर्नामेंट को नई चैंपियन टीम मिलना तय है।

### कीवियों की शानदार वापसी

टूर्नामेंट शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में टीम ने शानदार वापसी की। टीम को सूजी बेट्स, अमेलिया केर और ली ताहुहू जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी का फायदा मिला। यह संभवत: आखिरी मौका होगा जब डिवाइन, बेट्स और ताहुहू किसी वैश्विक टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगी। 35 वर्षीय डिवाइन के नाम सफेद गेंद प्रारूप में 7000 से अधिक रन हैं।

### लगातार दूसरा फाइनल

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका भी पिछले साल की कसक दूर कर खिताब कब्जाना चाहेगा। पिछले साल घरेलू मैदान पर विश्व कप फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया से शिकस्त मिली थी। दक्षिण अफ्रीका ने हर विभाग में शानदार प्रदर्शन किया है। लॉरा वोलवार्ट (190 रन) और ताजमिन ब्रिट्स (170 रन) टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ियों में हैं। साथ ही सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर आठ विकेट की शानदार जीत से अफ्रीकी टीम का मनोबल काफी बढ़ा होगा।

**सुल्तान जोहोर कप** — भारतीय टीम ने 4-2 से जीत दर्ज की

# भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जापान को हराकर किया शानदार आगाज

**नंबर गेम**

- 3 गोल हाफ टाइम के बाद भारतीय टीम ने किए
- 3 खिताब अब तक जीत चुकी है भारतीय टीम

■ छह टीमों के टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में आज ऑस्ट्रेलिया से होगा सामना

**एजेंसी । जोहोर**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में अपेन अभियान का शानदार आगाज किया है। उसने पहले दिन शनिवार को यहां जापान को 4-2 से हराकर छह टीमों के मुकाबले में शानदार शुरुआत की। रविवार को भारत के सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती होगी। तीन बार की चैंपियन भारतीय टीम को चौथे खिताब की तलाश है। पिछले साल टीम तीसरे स्थान पर रही थी।



### बेहतरीन प्रदर्शन

भारत के लिए आमिर अली (12वें मिनट), गुरजोत सिंह (36वें), आनंद सौरभ कुशवाह (44वें) और अंकित पाल (47वें) ने गोल किए जबकि जापान के लिए त्सुबासा तनाका (26वें) और राकुसी यामानाका (57वें) ही गोल करने में सफल हो सके। अपने पहले ही अभियान के पहले मुकाबले में भारत के पूर्व गोलकीपर और जूनियर टीम के कोच पीआर श्रीजेश अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद संतुष्ट नजर आ रहे थे।

### आमिर ने खाता खोला

यह मैच शुरू से ही काफी रोमांचक रहा। भारत ने आक्रामक खेल दिखाया और वह शुरू से ही गोल करने के मौके बनाने की कोशिश करता रहा। भारतीय प्रयासों को तब सफलता मिली जब मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने जापान के रक्षकों को छकाकर मैदानी गोल करके भारत का खाता खोला। जापान ने वापसी करने के लिए अच्छे प्रयास किया और वह तब इसमें सफल रहा जब 26वें मिनट में त्सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया। इसके बाद जापान के पास पहली बार मैच में बढ़त हासिल करने का मौका था लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने उसके प्रयास को नाकाम कर दिया। मध्यांतर तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी।

### गुरजोत ने दिलाई बढ़त

हाफ टाइम के बाद भारतीय टीम अधिक आक्रामक हो गई। पिछले महीने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाले गुरजोत ने मध्यांतर के छह मिनट बाद मैदानी गोल करके भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत को इसके कुछ मिनट बाद दिलराज सिंह के शानदार खेल से पेनाल्टी कॉर्नर मिला जिसे आनंद सौरभ कुशवाह ने अपने ताकतवर ड्रैगफ्लिक से गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। जापान के गोलकीपर किशो कुरोदा के पास उनके करारे शॉट का कोई जवाब नहीं था। भारत ने अंतिम क्वार्टर में भी एक गोल किया।

## तवांग अंतरराष्ट्रीय मैराथन में शामिल होंगे 5,000 धावक

**एजेंसी । ईटानगर**

भारतीय सेना और अरुणाचल प्रदेश सरकार की संयुक्त मेजबानी में 24 अक्टूबर को होने वाले तवांग अंतरराष्ट्रीय मैराथन की तैयारियां जोरों पर हैं। रक्षा प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि इसमें क्रमशः 10 किमी और पांच किमी दौड़ के साथ हाफ मैराथन और मैराथन में 5,000 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है।

अब तक 4,500 से अधिक प्रतिभागियों ने मैराथन के लिए पंजीकरण कराया है। ऊंचाई वाले स्थल पर आयोजित होने वाले इस



मैराथन को 'क्वीन ऑफ हाई-एल्टीट्यूड रन' के नाम से जाना जाता है। राज्य सरकार ने इस आयोजन का समर्थन करने के तहत अनुदान बढ़ाकर दो करोड़ रुपये कर दिया है। आयोजन का कुल पुरस्कार राशि 60 लाख रुपये हैं।

## कश्मीर मैराथन आज, 6000 से अधिक धावक दौड़ेंगे



**एजेंसी । श्रीनगर**

घाटी में रविवार को 'कश्मीर मैराथन का आयोजन हो रहा है। दो श्रेणियों में आयोजित होने वाली मैराथन में 59 विदेशियों समेत छह हजार से अधिक धावक भाग लेंगे। 42 किमी की पूर्ण मैराथन और 21 किमी की हाफ मैराथन में तीन करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दांव पर होगी। मैराथन को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला सुबह 6.15 बजे पोलो व्यू श्रीनगर से हरी झंडी दिखाएंगे।

## प्रीति की नजर शीर्ष तीन में स्थान बनाने पर




**एजेंसी । नई दिल्ली**

पोडियम की दावेदार प्रीति लांबा दिल्ली हाफ मैराथन में भारतीय प्रतिभागियों में शीर्ष तीन में जगह बनाना चाहती हैं। रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन में भारत की लंबी दूरी के कुछ बेहतरीन धावक हिस्सा लेते हुए दिखेंगे। इसमें दो लाख 60 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि होगी।

### उम्मीद है शीर्ष तीन में स्थान बना सकूंगी: लांबा

इस सूची में ऐसे इलीट एथलीट भी शामिल होंगे जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों ही स्तरों पर लगातार अपनी प्रतिभा साबित की है। दिल्ली हाफ मैराथन में पहले भी कई बार हिस्सा ले चुकीं 28 वर्षीय प्रीति ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं 2014 से दिल्ली हाफ मैराथन में दौड़ रही हूं और इस बार मैं इस आयोजन के लिए कड़ी मेहनत कर रही हूं। उम्मीद है शीर्ष तीन में स्थान बना सकूंगी। वह 2022 में भारतीय महिला धावकों में तीसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने 2015, 2016 और 2020 में भी भाग लिया था। उनकी पसंदीदा स्पर्धा हालांकि 3000 मीटर स्टीपलचेज है जिसमें उन्होंने पिछले साल हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। मौजूदा चैंपियन कविता यादव प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड के साथ एक बार फिर प्रतियोगिता में उतरी हैं। उन्हें भारत की ही प्रीति लांबा और निरमा ढाकोर जैसी खिलाड़ियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

## ईशान किशन राष्ट्रीय टीम में वापसी को तैयार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इस साल की शुरुआत में बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किए जाने वाले विकेटकीपर ईशान किशन के भारत ए टीम में वापसी करने की काफी संभावना है। किशन घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल को प्राथमिकता देने के कारण केंद्रीय अनुबंध से बाहर हो गए थे। वह इस रणजी सत्र में झारखंड का



नेतृत्व कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय टेस्ट के अलावा वह सीनियर टीम के साथ एक इंट्रा-स्क्वॉड अभ्यास मैच में भाग लेने के लिए तैयार हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ए दौरे के लिए भारत ए की संभावित टीम

रुतुराज गायकवाड़, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, बी इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), मुकेश कुमार, रिकी भुई, नितीश कुमार रेड्डी, मानव सुथार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, तनुष कोटियन, यश दयाल।

# 'मातृ देवो भव:' के बाद आम्रपाली की नई फिल्म का एलान

भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की आगामी फिल्म 'मातृ देवो भव :' है। अभिनेत्री लंबे वक्त से इस फिल्म की शूटिंग में जुटी थीं और अब इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। 'मातृ देवो भव :' की शूटिंग पूरी होते ही आम्रपाली की अगली फिल्म का एलान हो गया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर फिल्म की पहली झलक दिखाई है और नाम का एलान भी किया है।

### यह है फिल्म का नाम

आम्रपाली ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फिल्म के नाम से पर्दा उठा दिया है। उनकी अगली फिल्म का टाइटल 'लाखों में पवले बानी हम बहूरानी' है। साझा की गई तस्वीर में आम्रपाली लाल रंग की साड़ी में सजी-धजी नजर आ रही हैं। आम्रपाली के हाथ में एक क्लिप बोर्ड लगा है, जिस पर फिल्म का नाम लिखा है। शूटिंग शुरू हो चुकी है।

### यूजर्स दे रहे प्रतिक्रिया

पोस्ट पर आम्रपाली के फैंस प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'हमारी प्यारी अम्रपाली'। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'लाखों में एक पवले बानी, हम बहूरानी' गाने से लेकर फिल्म तक का सफर काफी खूबसूरत है'। मुहूर्त के समय आम्रपाली के साथ फिल्म निर्माता अजय झा, निशांत उज्ज्वल, पुष्पेंद्र, अविनाश शाही ,जय पांडे, संगीता तिवारी, रंभा साहनी, राकेश बाबू गोपाल चौहान और कंचन शशि जैसे अन्य सितारे भी नजर आए।



# जूनियर एनटीआर ऋतिक के साथ शूट करेंगे 'वॉर-2' का धमाकेदार क्लाइमैक्स

साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' के कारण चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स पर बहुत अच्छा प्रदर्शन तो नहीं कर पाई है लेकिन इसके बावजूद उनके हौसले बुलंद हैं।





हाल ही में उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, वह बड़े ही सादे अंदाज में नजर आए। टाइट सिक्योरिटी के बीच जूनियर एनटीआर एयरपोर्ट से बाहर निकले। दरअसल, जूनियर एनटीआर मुंबई फिल्म 'वॉर-2' के क्लाइमैक्स शूट के लिए पहुंचे हैं, यह उनकी बॉलीवुड में डेब्यू फिल्म होने वाली है। जिसमें वह ऋतिक रोशन के साथ नजर आएंगे। वह लगभग 20 दिन तक इस फिल्म की शूटिंग मुंबई में करने वाले हैं।

### देखने को मिलेगी ऋतिक रोशन के साथ टक्कर

जूनियर एनटीआर साउथ की अपनी फिल्मों में बेहतरीन एक्शन सीन करने के लिए जाने जाते हैं। उनके एक्शन सींस पर साउथ के थिएटर में खूब तालियां बजती हैं। वैसे हिंदी पट्टी के दर्शक भी उनकी एक्शन फिल्मों के दीवाने हैं, यहां पर भी उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करती हैं। वहीं बॉलीवुड में ऋतिक रोशन भी एक्शन जॉनर में एक मंझे हुए कलाकार हैं। वह अब तक कई एक्शन फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन कर चुके हैं। इन दोनों कमाल के एक्शन स्टार्स को फिल्म 'वॉर-2' में साथ देखना, दर्शकों के लिए कमाल का अनुभव होगा। फिल्म 'वॉर-2' में जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन का आमना-सामना होगा तो दोनों को ही अपनी स्क्रीन प्रेजेंस को स्ट्रॉन्ग बनाना होगा। इसके लिए जूनियर एनटीआर तो तैयारी कर ही रहे हैं, वहीं ऋतिक रोशन भी काफी मेहनत कर रहे हैं।

## इंस्टाग्राम पर बढ़ती लोकप्रियता पर श्रद्धा कपूर गदगद

श्रद्धा कपूर फिल्मों में बेहतरीन अभिनय करने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'स्त्री-2' भी काफी चर्चा में रही, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा बिजनेस किया। फिल्म में उनके अभिनय से समीक्षक और दर्शक दोनों ही प्रभावित हुए। एक तरफ श्रद्धा जहां अपनी एक्टिंग के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने की कोशिश करती हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी अपने फैंस से कनेक्ट रहती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोइंग की बात की जाए तो उन्हें 9 करोड़ 36 लाख लोग फॉलो करते हैं। इस तरह से वह इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। इस उपलब्धि के बारे में श्रद्धा कहती हैं कि वह खुद को इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रियल रखने की कोशिश करती हैं। वह कहती हैं, ' मैंने सोचा भी नहीं था कि सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलोअर होना इतनी बड़ी बात होगी। दरअसल, लोग हमें ज्यादा से ज्यादा देखना चाहते हैं, इसलिए जितना हो सके, उतना रियल रहना चाहिए।





## दिलजीत ने किया भारत का नाम रोशन

दिलजीत दोसांझ की लोकप्रियता में दिन-ब-दिन इजाफा हो रहा है। उनके चाहनेवालों की भीड़ दुनियाभर में है। दिलजीत पंजाब के वो कलाकार हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में भी अपनी धाक जमाई है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी दिलजीत के नाम अब एक नई उपलब्धि जुड़ गई है। दरअसल, वह बिलबोर्ड कनाडा के कवर पर आने वाले पहले भारतीय कलाकार बन गए हैं। उनकी इस उपलब्धि से उनके प्रशंसक सातवें आसमान पर हैं और उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। बिलबोर्ड कनाडा के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह घोषणा की गई है। पोस्ट में लिखा है, 'दिलीजत कनाडा बिलबोर्ड के विशेष संस्करण के कवर पेज पर प्रदर्शित होने वाले पहले भारतीय कलाकार बन दुनियाभर में इतिहास रचने वाले हैं। यह प्रतिष्ठित प्रकाशन के लिए एक बेहद यादगार क्षण है।'

## 'सिंघम अगेन' का पहला गाना रिलीज

बहुप्रतीक्षित रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फिल्म 'सिंघम अगेन' का पहला गाना 'जय बजरंगबली' रिलीज हो गया है। हनुमान चालीसा से प्रेरित और अपने वीडियो में रामायण के संदर्भों को प्रदर्शित करने वाला यह शक्तिशाली ट्रैक त्योहारी सीजन के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। यह गाना अपने आध्यात्मिक सार और हाई-एनर्जी बीट्स के साथ धूम मचाने के लिए तैयार है। गाना रिलीज होते ही यूट्यूब पर छा गया है और इसके व्यूज तेजी से बढ़ रहे हैं।




रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' के लिए प्रत्याशा बड़े पैमाने पर रही है। हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और केवल 24 घंटों में इसे 138 मिलियन बार देखा गया। अब फिल्म का पहला गाना 'जय बजरंगबली' भी आते ही लाइमलाइट बटोर रहा है। एनर्जी से भरपूर इस गाने के बीट्स और लिरिक्स उत्साह को दोगुना करने में मदद कर रहे हैं।





# मुंबई की सियासत पर उत्तर भारतीय मुस्लिमों का दबदबा



विश्लेषण

राजा आदाते

मुंबई की सियासत में गैर मराठियों की राजनीति में उत्तर भारतीय मुसलमानों का दबदबा है। उत्तर भारतीय मुस्लिम के राजनीतिक वर्चस्व को तोड़ने की कोशिश मराठी और अन्य राज्यों से आकर बसे मुस्लिम नेताओं ने कई बार कवायद की, लेकिन अभी तक सफल नहीं हो सके। इस बार के विधानसभा चुनाव में भी उत्तर-भारतीय मुसलमान नेता मुंबई की मुस्लिम बहुल सीटों से किस्मत आजमाने की कवायद में है। ऐसे में देखना है कि कांग्रेस से लेकर एनसीपी और सपा कितने उत्तर भारतीय मुस्लिम को प्रत्याशी बनाते हैं?



**मुंबई।** महाराष्ट्र में 12 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं, जो चुनावी मैदान में सियासी खेल बनाने और बिगाड़ने की ताकत रखते हैं। उत्तरी कोंकण, मराठवाड़ा, पश्चिमी विदर्भ और मुंबई के इलाके में करीब 40 से 45 विधानसभा सीटों पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 2019 चुनाव में 10 मुस्लिम विधायक जीते थे, जिसमें छह विधायक मुंबई इलाके से हैं। इससे ही मुंबई में मुस्लिम सियासत को समझा जा सकता है और 2024 में भी इन्हीं छह सीटों पर उत्तर भारतीय के मुस्लिम चुनावी मैदान में उतरने की कोशिश में जुटे हैं।

2024 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में सीटों और उम्मीदवारों को लेकर लगातार मंथन और बैठकों का दौर जारी है। ऐसे में सभी की निगाहें मुंबई की 36 सीटों में से कितनी सीटों पर मुस्लिम चेहरे को चुनावी मैदान में सियासी दल उतारते हैं। सूबे की सत्ता पर काबिज बीजेपी और सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना से मुंबई में किसी सीट पर मुस्लिम को टिकट मिलने की संभावना कम है, लेकिन अजीत पवार की एनसीपी से दो से तीन सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार को उतारने का दांव चल सकती है।

### अजीत पवार की पार्टी से तीनों मुस्लिम उत्तर भारतीय

अजीत पवार की पार्टी से जिन तीन मुस्लिमों के मुंबई से चुनाव लड़ने की चर्चा है, वो तीनों ही उत्तर भारतीय मुस्लिम चेहरे हैं। पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान बांद्रा पश्चिमी विधानसभा सीट अजित पवार की एनसीपी से उम्मीदवार हो सकते हैं। हालांकि बाबा सिद्दीकी की हत्या से उनका परिवार उबर नहीं पाया है। इसके अलावा अणुशक्ति नगर सीट से विधायक नवाब मलिक को इस बार चुनाव में मानखुर्द शिवाजी नगर सीट से चुनाव में उतर सकते हैं। अणुशक्ति नगर सीट से नवाब मलिक अपनी बेटी सना मलिक को चुनाव लड़ाने की तैयारी में है। जीशान बिहार से हैं तो नवाब मलिक उत्तर प्रदेश से आकर मुंबई में बसे हैं।

### सपा की पूरी सियासत उत्तर भारतीय मुस्लिमों पर टिकी

सपा की पूरी सियासत उत्तर भारतीय मुस्लिमों पर ही टिकी है। मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक अबू आसिम आजमी खुद चुनाव लड़ेंगे और अणुशक्ति नगर सीट से फिल्म अभिनेत्री स्वरा भाष्कर पति फहाद अहमद को प्रत्याशी बनाया जा सकता है। इसके अलावा सपा मुंबई से बाहर भिवंडी और मालेगांव की सीट पर भी उत्तर भारतीय मुस्लिम को अपने उम्मीदवार उतारने के मूड में है। इसी तरह असदुद्दीन ओवैसी की AIMIM भी मुंबई की सीटों मुस्लिम दांव खेलने के मूड में है।

नवाब मलिक पहली बार सपा से विधायक चुने गए थे और अबू आजमी के खास हुआ करते थे, लेकिन आगे चलकर आजमी और मलिक के बीच ऐसी दुश्मनी हुई कि सालों तक दोनों एक दूसरे से दूर हैं। मानखुर्द शिवाजी नगर से मलिक और आजमी आमने-सामने उतरेंगे तो अणुशक्ति सीट पर उनकी बेटी का मुकाबला यूपी से ही आने वाले फहाद अहमद के बीच होगा। यह चारों ही नेता उत्तर प्रदेश से हैं। फहाद बरेली के बहेड़ी से आते हैं तो अबु आसिम आजमगढ़ से हैं।

मुंबई में उत्तर भारतीय मुस्लिमों की सियासी पकड़ को देखते हुए सभी प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस-एनसीपी भी उत्तर-भारतीय मुस्लिम नेतृत्व को ही न केवल सत्ता और संगठन में प्रमुख स्थान देते रहे हैं, बल्कि चुनाव लड़ने का भरपूर अवसर प्रदान करते हैं।

### कांग्रेस मुंबई से जीते तीनों ही मुस्लिम विधायकों को फिर से प्रत्याशी बना सकती है

वहीं, कांग्रेस और शरद पावर की एनसीपी से लेकर समाजवादी पार्टी तक उत्तर भारत के मुस्लिमों को टिकट देने का दांव चल सकती है। कांग्रेस मुंबई से जीते तीनों ही मुस्लिम विधायकों को फिर से प्रत्याशी बना सकती है। उत्तर भारतीय मुस्लिम चेहरे के रूप में कांग्रेस एक बार फिर चांदिवाली सीट से नसीम खान और मालाड से असलम शेख को प्रत्याशी बना सकती है। इसके अलावा गुजरात से आने वाले मुंबादेवी से अमीन पटेल कांग्रेस फिर से टिकट दे सकती है। इस तरह कांग्रेस मुंबई की तीन सीटों में से दो सीट पर उत्तर भारतीय और एक सीट पर गैर-उत्तर भारतीय पर दांव खेलेगी।

### मुंबई में मुस्लिम आबादी का 70 फीसदी उत्तर-भारतीय

मुंबई से रहने वाले मुसलमानों की कुल आबादी का करीब 70 फीसदी उत्तर-भारतीय हैं, बाकी के 30 प्रतिशत में मराठी, दक्षिण भारतीय, गुजराती और दूसरे अन्य राज्यों के मुसलमान शामिल हैं। कांग्रेस ने मुंबई में पांच सीट पर मुस्लिम कैंडिडेट देती रही, जिनमें से चार उत्तर-भारतीय चेहरे रहते हैं। बाबा सिद्दीकी एक समय में कांग्रेस के दिग्गज नेता हुआ करते थे, लेकिन अब उनकी हत्या हो चुकी है। फैजाबाद जिले से आने वाले नसीम खान, सुहैया अशरफ और सैयद अहमद कांग्रेस के उत्तर भारतीय चेहरा हुआ करते थे, लेकिन अब असलम शेख और नसीम अहमद बचे हैं। ऐसे में देखना है कि 2024 के चुनाव में उत्तर भारतीय मुस्लिम क्या अपना सियासी वर्चस्व बनाए रख पाते हैं?

### गैर उत्तर-भारतीय मुस्लिम नाकाम

जाने माने वकील माजीद मेमन को एनसीपी ने राज्यसभा में भेजा और मुनाफ हकीम को अल्पसंख्यक आयोग की लालबत्ती दी। मुनाफ हकीम एनसीपी का मराठी मुस्लिम चेहरा है जबकि माजीद मेमन को गुजराती मुस्लिम हैं। उत्तर-भारतीय मुस्लिम के दबदबे के सामने गैर उत्तर-भारतीय मुस्लिमों की एक नहीं चलती हैं। उत्तर-भारतीय मुस्लिम लॉबी को सियासी तौर पर कमजोर करने के लिए अमीन पटेल, यूसुफ अब्राहनी और हुसैन दलवई अपना सियासी गठजोड़ बनाते रहे हैं, लेकिन अब तक ये नाकाम रहे हैं।

---

## चुनावी चकल्लस

» अमित बृज

# पावर बनाम पवार





महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन को सबसे ज्यादा खतरा विपक्षी गठबंधन के नेता शरद पवार से दिख रहा है, जो न केवल महाराष्ट्र की राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं बल्कि कब कौन सी चाल कैसे चलानी है और कैसे सबको साथ रखना है, इसमें भी वे माहिर हैं। राजनीतिक हल्कों में चर्चा है कि पूरा चुनाव पावर बनाम पवार होने जा रहा है। पावर यानी सत्तारूढ़ भाजपा की ताकत और पवार यानी विपक्षी रणनीति के सूत्रधार। अगर पवार की रणनीति पर विपक्षी गठबंधन के दोनों दल कांग्रेस और शिवसेना उद्धव ठाकरे अमल करते हैं तो भाजपा और उसके गठबंधन के लिए दिक्कतें आ सकती हैं, क्योंकि पवार को न सिर्फ हर सीट का गणित मालूम है, बल्कि कैसे किसको साधना है यह भी उन्हें अच्छी तरह से आता है। दूसरी तरफ, भाजपा के पास उनके जैसा कोई अनुभवी नेता नहीं है। वह सामाजिक समीकरणों के अंकगणित को साधकर सत्ता बरकरार रखना चाहती है। इसके अलावा, भाजपा को एक खतरा यह भी है कि एनसीपी के दोनों धड़े नतीजे के बाद कहीं फिर से एक न हो जाएं।

## हरियाणा से हौसला



हरियाणा में जीत के बाद एनडीए काफी उत्साहित है। एनडीए की तरफ से अभी से महाराष्ट्र और झारखंड में जीत के दावे किए जाने लगे हैं। हरियाणा चुनाव को भाजपा कठिन मान रही थी लेकिन जीत के बाद उसे महाराष्ट्र और झारखंड की राह भी आसान नजर आने लगी है। महाराष्ट्र में जहां टिकट बंटवारे को सबसे ज्यादा जटिल माना जा रहा था, वहीं भाजपा घटक दलों पर दबाव बनाने में भी सफल हो रही है। हरियाणा में पार्टी अकेले मैदान में थी जबकि दोनों राज्यों में सहयोगी भी हैं। ऐसे में पार्टी की जीत की रणनीति क्या होगी, इसका खुलासा अभी नहीं किया जा रहा है, लेकिन अंदरखाने ठोस रणनीति बनाए जाने की चर्चा है।

## प्रियंका गांधी 23 अक्टूबर को करेंगीं नामांकन दाखिल



आगामी वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा 23 अक्टूबर को जब अपना नामांकन दाखिल करेंगीं, तो उस समय उनके भाई और लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी भी मौजूद होंगे। वायनाड से उपचुनाव लड़ने जा रहीं प्रियंका गांधी कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल करने से पहले वायनाड कलेक्ट्रेट तक रोड शो करेंगीं। इस दौरान उनके साथ राहुल गांधी भी होंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2024 का लोकसभा चुनाव वायनाड और अमेठी की दो सीटों से लड़ा था और दोनों सीटों पर विजयी हुए थे। उन्होंने वायनाड खाली कर दिया, जिससे सीट पर उपचुनाव की आवश्यकता हुई है।

## बीजेपी छोड़ बिहार में नई पार्टी बनाएंगे आरसीपी सिंह



बिहार में साल 2025 में विधानसभा चुनाव होना है। इसको लेकर सियासी गलियारों में उथल-पुथल मचा हुआ है। इस बीच बिहार के दिग्गज नेता आरसीपी सिंह ने ऐलान कर दिया है कि वे भाजपा छोड़ बिहार में नई पार्टी बनाएंगे। जिसके बाद से राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि, उन्होंने 5 अगस्त 2022 में जेडीयू से इस्तीफा दिया था। जेडीयू छोड़ने के ठीक 9 महीने बाद 11 मई 2023 को दिल्ली में उन्होंने बीजेपी की सदस्यता ली। बीजेपी के सीनियर नेता धर्मेंद्र प्रधान ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया था। लेकिन पार्टी में उचित स्थान नहीं मिलने से वे काफी समय से नाराज चल रहे थे।

## वरिष्ठों का दर्द



यूपी में इन दिनों एक राष्ट्रीय पार्टी के पुराने नेताओं का दर्द छुपाए नहीं छुप रहा। बिल्कुल हाशिये पर जा चुकी पार्टी को लोकसभा चुनाव में थोड़ी-बहुत सफलता मिली तो पुराने नेताओं से लेकर कार्यकर्ता तक को इसमें अपना भविष्य उज्जवल दिखने लगा। सभी ने पार्टी दफ्तर का रुख करना शुरू किया, लेकिन पार्टी के प्रदेश कार्यालय में अब नई टीम अपनी पैर जमा चुकी है लिहाजा वे पुरानों को घास नहीं डाल रहे। नतीजा उन्हें पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बैठने को कुर्सी तक नसीब नहीं हो रही। कुछ पुराने बुजुर्ग नेता तो दिवंगत हो चुके शीर्ष नेताओं से जुड़ी अपनी पुरानी कहानी-किस्से सुनाकर एक-दो स्थानों पर बैठने की जगह पा भी जाते हैं लेकिन ज्यादातर को कोई पूछता तक नहीं। कुछ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम में बैठना शुरू किया तो वहां भी उनके लिए प्रतिबंध लगा दिया गया। बेचारे उपेक्षित नेता अब अपने आप को ही कोसने लगे हैं। कहने भी लगे हैं कि क्या से क्या हो गया ....।

---

झारखंड का रण

## एनसीपी अजित पवार गुट ने अकेले चुनाव लड़ने का किया ऐलान



**रांची।** महाराष्ट्र में चल रही एनसीपी की घड़ी झारखंड में कमल से अलग हो गई है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एनडीए के अंदर एनसीपी अजित पवार गुप ने बड़ा फैसला लेते हुए झारखंड की सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। 2019 के विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद से एनसीपी को सफलता मिली थी। मगर हाल ही में एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं के साथ भाजपा का दामन थाम लिया था। जिसके बाद एक बार फिर से पार्टी को खड़ा करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय सचिव सचिदानंद सिंह को बतौर प्रदेश अध्यक्ष के रुप में दी गई है। इन सबके बीच आज 19 अक्टूबर को एनसीपी अजित पवार गुट की बैठक हुई। जिसमें न केवल सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया बल्कि पहले चरण के होने वाले चुनाव के लिए 17 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रमुख राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने प्रत्याशी के नाम की घोषणा की।

### एनसीपी अजित पवार गुट की प्रत्याशियों की लिस्ट

एनसीपी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव के लिए 17 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इस लिस्ट के तहत घोषित प्रत्याशियों में, पूर्वी जमशेदपुर से डॉ. पवन पांडे, चाईबासा से कमल नीमा सोरेन, जुगसलाई से सृष्टि भुइयां, पश्चिम जमशेदपुर से सौरव ओझा, बहरागोड़ा से अशोक महतो को टिकट दिया गया है। इसी प्रकार इचागढ़ से मोहम्मद रिजवान, पोटका से निरुप हांसदा, मनोहरपुर से सुनीता लुगुन, जगन्नाथपुर से राजेश जॉन, पांकी से सुमित यादव, लातेहार से शिवनाथ रजक, सरायकेला से सुखलाल शांडिल्य, सिल्ली से अमित महतो, हटिया से आदर्श कुमार सिंह, हजारीबाग से प्रदीप कुमार पांडे, मांडू से मोहम्मद अब्दुल्ला और बरही से महेश ठाकुर इस लिस्ट में शामिल हैं।

### भाजपा की चुनौती हमें स्वीकार- एनसीपी



कार्यकर्ताओं और नेताओं से राय जानने के बाद चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में जुटा एनसीपी ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा है कि चुनाव में जनता तय करेगी कि हम कितने मजबूत हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री बृजमोहन श्रीवास्तव ने कहा कि झारखंड में हम काफी मजबूत स्थिति में है और पार्टी हमेशा से जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ी है। आदिवासी मूलवासी दलित शोषित पिछड़ों की लड़ाई लड़ने का हमारा इतिहास रहा है। ये हमारे राजनीतिक संघर्ष का ही परिणाम था कि पिछले चुनाव में हुसैनाबाद में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को जीत मिली थी। इस बार भी हम मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरने को तैयार हैं। कार्यकर्ताओं की भावना के अनुरूप पार्टी ने सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। एक सवाल का जवाब देते हुए एनसीपी नेता बृजमोहन श्रीवास्तव ने कहा कि कमलेश सिंह के पार्टी छोड़ने से कोई असर नहीं पड़ेगा। अगर हम एनडीए के साथ चुनाव लड़ते तो हमें एक या दो सीट मिलती, मगर अभी हम सभी 81 सीटों पर प्रत्याशी देने की स्थिति में है। एनसीपी नेता ने कहा कि अब जनता को फैसला करना है कि हमारे प्रति क्या सोच है। हाल ही में एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभालने वाले सच्चिदानंद सिंह कहते हैं कि मेरे लिए यह फूलों का ताज नहीं है बल्कि कांटो भरी सेज है। जिसे हम चुनौतीपूर्ण ढंग से ले रहे हैं और झारखंड में पार्टी को एक बार फिर मजबूती और विश्वास के साथ खड़ा करने का काम करेंगे।

---

रणनीति

महाराष्ट्र चुनाव

## आरएसएस का मास्टर प्लान तैयार



» धीरज सिंह



हरियाणा में हैट्रिक के बाद अब महाराष्ट्र में एनडीए को सत्ता में लाने के लिए आरएसएस ने अभियान शुरू कर दिया है। आरएसएस ने इस काम में सह सरकार्यवाह अतुल लिमए को जिम्मेदारी दी है। अतुल लिमए ने महाराष्ट्र के लिए कार्य योजना बनाते हुए जमीन पर काम करना शुरू भी कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक महाराष्ट्र में आरएसएस ने 60 हजार से ज्यादा छोटे- छोटे बैठक करने का फैसला लिया है। ये बैठक सभी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। इस छोटी छोटी बैठकों में अलग-अलग वर्ग और समाज के लोगों को बुलाकर बौद्धिक के माध्यम से महाराष्ट्र में महायुति की सरकार की जरूरत बताया और समझाया जाएगा। महाराष्ट्र में आरएसएस ने ओबीसी, एससी, एसटी समाज के बीच माइक्रो मैनेजमेंट के तहत काम कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरएसएस ओबीसी के 353 उपजातियों, एससी के 59 उपजातियों, एसटी की 25 उपजातियों और 29 घुमंतू जातियों के बीच अलग-अलग कार्यक्रम चला रही है।

### बाला साहेब ठाकरे से जुड़ी जातियों को जोड़ने पर जोर

बाला साहेब ठाकरे ने जिस धरतीपुत्र आंदोलन को चलाया था, उसमें शामिल मुंबई और कोंकण बेल्ट की सभी पांचों जातियों को बीजेपी और शिंदे सेना से जोड़ने का भी प्रयास काफी तेजी से किया जा रहा है। ठाकरे परिवार से नजदीक रहे इन जातियों को समझाया जा रहा है कि उद्धव ठाकरे की कार्यपद्धति बाला साहेब के कार्यपद्धति से विरुद्ध है। इस क्रम में आरएसएस लगातार मुंबई और ठाणे बेल्ट के प्रभु पठारे, आगरी, कोली, सीकेपी, दैवज्ञ ब्राह्मण जातियों के बीच कार्यक्रम चलाया रहा है।

### कार्यकर्ताओं को इन बिंदुओं पर कार्य करने के निर्देश

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपने तमाम कार्यक्रमों के अलावा आरएसएस ने बीजेपी को कुछ बिंदुओं पर कार्य करने की नसीहत दी गई है।

- कार्यकर्ता जो कई सालों से पार्टी के लिए काम कर रहे थे लेकिन तबज्जो नहीं मिलने से काफी नाराजगी थी, उनको साधा गया है। पुराने कार्यकर्ताओं और कार्यकर्ताओं को तवज्जो देने की बात कही गयी है। खासकर मुंबई और विदर्भ इलाके में पार्टी के अंदर अंतर्कलह भी एक बड़ी समस्या है। इससे लेकर संघ के निर्देश के बाद इस इलाके में चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव लगातार कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर चुनाव के दौरान वाले भीतरघात की संभावना को खत्म कर रहे हैं।
- संघ ने माइक्रो मैनेजमेंट भी शुरू कर दिया है। साथ ही पार्टी को हिदायत दी है कि डोर टू डोर सम्पर्क के तहत कार्य किया जाए। सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने के लिए कहा गया, ताकि लोकसभा चुनाव की तरह कोई गफलत नहीं रहे।
- हिंदुत्व के मूल मुद्दे को बनाए रखने पर जोर दिया गया है।
- टिकट किसे भी दें लेकिन मूल कार्यकर्ताओं की अनदेखी ना किया जाए, मूल कैडर के जो बीजेपी के कार्यकर्ता हैं उन्हें जवाबदेही दी जाए।